रोहतक, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026 ■ अश्विन मास कृष्ण पक्ष-05 ■ वर्ष : 30, अंक : 238 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 34.1, न्यून. 17.8 haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

जींद की नीरू को लगातार दूसरे दिन स्वर्ण पदक



शूटिंग के ट्रैप मिक्स्ड टीम में नीरू ढांडा और किनान चेनाई को स्वर्णिम सफलता। हरियाणा की नीरू ने एक दिन पहले स्वर्ण और रजत पदक जीते थे।



ऑर्चरी में महिला टीम में ज्योति सुरेखा वेनम, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तनिपार्थी ने चीन को 238-234 से हराकर खिताब कब्जाया।

सोनीपत के कुशल छाए



ऑर्चरी में पुरुष टीम ने चीन की 'दीवार' तोड़ी

एशियाड में गोल्डन चौका

एशियन गेम्स 12वां दिन **07 पदक**

बुधवार को 3 स्वर्ण ऑर्चरी व 1 शूटिंग में जीता 3 कांस्य पदक कब्जाए, 3 खिलाड़ी हरियाणा के

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियन गेम्स के 12वें दिन भारत ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और चार गोल्ड समेत 7 पदक कब्जाए। इनमें तीन पदक हरियाणा के खिलाड़ियों को मिले हैं। बुधवार को तीन स्वर्ण तीरंदाजी और एक शूटिंग में आया। वहीं, बॉक्सिंग में भिवानी की प्रिया घनघस और कपिल पोखरियाल ने कांस्य पदक जीते। एक कांस्य पदक कुश्ती में सोनीपत के पहलवान सुनील कुमार ने जीता है। इसके साथ भारत के कुल 10 गोल्ड सहित 60 मेडल हो गए और वह ईरान को पीछे छोड़कर मेडल टैली में सातवें स्थान पर पहुंच गया।



ऑर्चरी के मिक्स्ड में चिकिथा और साहिल ने दक्षिण कोरिया की टीम को हराकर गोल्ड अपने नाम किया और ओलंपिक कोटा भी हासिल किया

महिला हॉकी टीम फाइनल में

महिला हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इशिका ने पेनल्टी कॉर्नर की रणनीति पर गोल किया, जबकि कप्तान सलिमा ने दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी कर दी।

लवलीना फाइनल में

लवलीना बोरगोहेन ने 75 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की नताल्या बोगदानोवा को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला चीन की बाओ जिइ से होगा।


चार घंटे में तीन स्वर्ण पदक

- कंपाउंड आर्चरी में भारत ने दिन के तीनों गोल्ड अपने नाम किए। महिला टीम में शामिल ज्योति सुरेखा वेन्नम, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तनिपार्थी ने चीन को 238-234 से हराकर अपने खिताब का बचाव किया।
- मिक्स्ड टीम इवेंट में चिकिथा तनिपार्थी और साहिल जाधव की जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की जोड़ी को शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण जीता। इस जीत से भारत ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट के लिए कोटा भी हासिल किया।
- पुरुष टीम इवेंट के फाइनल में साहिल, गणेश और सोनीपत के कुशल दलाल ने चीन को 238-237 से हराया। भारतीय टीम शुरुआती दौर में पीछे थी, लेकिन बाद में लगातार सटीक निशाने लगाकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया।


इन्होंने कांस्य पदक जीते



ग्रीको-रोमन कुश्ती 87 किग्रा में सोनीपत के सुनील ने ब्रॉन्ज जीता।



बॉक्सिंग में भिवानी की प्रिया घनघस को 60 किग्रा में कांस्य पदक।



बॉक्सिंग में कपिल पोखरियाल ने पुरुषों के 90 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता

इनके पदक पक्के

- स्क्वॉश में भारत की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में पहुंचकर अपने पदक पक्के किए।
- टेनिस में सुमित नागल भी क्वार्टरफाइनल में पहुंचे।

मेडल टैली में भारत 8वें स्थान पर

गोल्ड	सिल्वर	ब्रॉन्ज	कुल
10	21	29	60

खबर संक्षेप

एसआईआर में नाम कटा तो दोबारा जुड़वाना आसान

नई दिल्ली। एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से नाम हट जाने के बाद उसे दोबारा जुड़वाने की प्रक्रिया अब कुछ आसान होगी। चुनाव आयोग ने उन राज्यों में ऑनलाइन फॉर्म-6 से एसआईआर से जुड़ा अतिरिक्त घोषणा-पत्र हटा दिया है, जहां पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब आवेदक को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उसका, उसके माता-पिता या दादा-दादी का नाम 2003 की मतदाता सूची में था या नहीं। एजेंसी

ट्रंप ने एआई का नाम अब एसआई किया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा ऐलान किया है। ट्रंप ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का नाम बदल दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यह एआई नहीं है, हमने आधिकारिक तौर पर इसका नाम बदलकर सुपर इंटेलिजेंस (एसआई) कर दिया है। इसका मतलब है सुपर इंटेलिजेंस। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने टेक दिग्गजों के साथ सुपर इंटेलिजेंस को लेकर बैठक भी की है। (पेज 8 भी देखें)

20 वर्ष बाद इराक से पूरी तरह बाहर निकला अमेरिका

बगदाद। आखिरकार 20 साल बाद अमेरिकी सेना ने इराक से अपने सभी शेष सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। इसके बाद अब सैन्य मौजूदगी आधिकारिक रूप से समाप्त हो गई है। इसके साथ 2003 में सद्दाम हुसैन सरकार के खिलाफ अमेरिकी हमले से शुरू हुई दो दशक लंबी सैन्य मौजूदगी का एक बड़ा अध्याय खत्म हो जाएगा। अमेरिकी सेना 2011 में इराक से पूरी तरह निकल गई थी। एजेंसी

आईडीएफसी बैंक से जुड़े 645 करोड़ के घोटाले में कार्रवाई

सीबीआई का करनाल अनाज मंडी में छापा

4 आढ़त फर्मों पर फर्जी बिलिंग का शक, रिकॉर्ड खंगाला

करनाल (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा में हुए 645 करोड़ रुपये के आईडीएफसी बैंक घोटाले की जांच अब करनाल तक पहुंच गई है। बुधवार को सीबीआई की 4 से 5 टीमों ने करनाल अनाज मंडी में छापेमारी की। पुलिस फोर्स के साथ पहुंचीं टीमों ने मंडी की कई आढ़त फर्मों से जुड़े दस्तावेज और रिकॉर्ड खंगाले। सीबीआई अधिकारी मार्केट कमेटी कार्यालय भी पहुंचे। यहां भी अधिकारियों ने आढ़त फर्मों से संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जानकारी जुटाई। बताया जा रहा है कि जांच का फोकस उन फर्मों पर है, जिनके नाम बैंक घोटाले से जुड़े लेनदेन में सामने आए हैं। इस सरकारी फंड घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी एक दिन पहले चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में एक साथ 14 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। यह पूरी कार्रवाई हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ नगर निगम और अन्य सरकारी विभागों के पैसों में हुई धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में की गई थी।

घरौंडा की 3-4 आढ़त फर्में जांच के घेरे में



सीबीआई से जुड़े सूत्रों के अनुसार, घरौंडा अनाज मंडी की तीन से चार आढ़त फर्में भी जांच के दायरे में हैं। इनके बैंक खातों और कथित लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच आगे बढ़ने के बाद संबंधित फर्मों की भूमिका स्पष्ट होगी। मामले की जांच फरवरी 2026 में हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज मामले से आगे बढ़ी। जांच में सरकारी धन के कथित लेनदेन और बैंक खातों से जुड़ी गतिविधियों की पड़ताल की जा रही है। जांच एजेंसियों की कार्रवाई जारी है।

मार्केट कमेटी से भी रिकॉर्ड जुटाया : सीबीआई अधिकारियों ने इसके बाद मार्केट कमेटी कार्यालय का रुख किया। अधिकारियों ने आढ़त फर्मों से संबंधित उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच की और जरूरी दस्तावेजों की जानकारी ली। इस कार्रवाई को लेकर आढ़तियों और कारोबारियों के बीच चर्चाएं चल रही है।

ईडी ने भी जुटाए थे सबूत

मंगलवार को ट्राइसिटी चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में हुई ईडी की रेड में मनी लॉन्ड्रिंग, पैसों की लेयरिंग और सरकारी फंड के रूटिंग से जुड़े कई नए और पुख्ता सबूत मिलने की बात कही गई थी। रकम को सामान्य कारोबारी लेन-देन के रूप में दिखाकर पैसे लेने का आरोप था।

और भी खुलासे होंगे

जांच एजेंसी के मुताबिक, बिचौलिए गौरव कंसल ने सरकारी फंड को अलग-अलग फर्जी और ज्वेलर्स के खातों में रूट और लेयर करने में मुख्य भूमिका निभाई। बरामद दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है, जिससे कई और बड़े नामों का खुलासा होने की संभावना है।

इजराइल जा रहे विमान को क्रैश करने की कोशिश नाकाम

एक पायलट ने दूसरे को चाकू घोंपा हाईजेक की आशंका से मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

दुबई से इजराइल के तेल अवीव जा रही एक फ्लाइट में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक कॉकपिट में तेज आवाजें आने लगीं और चाकूबाजी शुरू हो गई। दो पायलटों में हुई भिड़ंत में चले चाकुओं से पूरा कॉकपिट खून खून हो गया। दृश्य देखकर यात्रियों में दहशत फैल गई। कुछ ही क्षण में फ्लाईदुबई की यह फ्लाइट अनियंत्रित हुई और 34000 फिट से नीचे 17000 फिट नीचे आ गई। बिगड़ते हालातों को देखते हुए सऊदी अरब के तबूक मिलिट्री और सिविल बेस पर आपातकालीन लैंड कराना पड़ी। राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी यात्री और क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं। बता दें कि फ्लाइट को हाईजैक और क्रैश करने की कोशिश की गई, लेकिन भारतीय पायलट स्मित मच्छर ने विमान को क्रैश होने से बचा लिया। स्मित पर उनके साथी पायलट ने ही चाकू से हमला कर दिया था।

भारतीय पायलट ने विमान को क्रैश होने से बचाया



- 17 हजार फीट नीचे आया विमान
- विमान में 180 पैसेंजर्स सवार थे
- इजराइल बोला- 9/11 जैसा हमला हो सकता था
- फाइटर जेट की निगरानी में तबूक में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

चाकू लगने के बावजूद हार नहीं मानी

चाकू लगने के बावजूद भारतीय कैप्टन स्मित ने प्लेन को क्रैश होने से बचाया। विमान में 180 से ज़्यादा लोग सवार थे। इनमें 27 बच्चे शामिल हैं। घायल होने के बावजूद स्मित उससे लड़ते रहे और बाकी यात्रियों की मदद से उस पर काबू पाया। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि जिस साथी पायलट ने स्मित पर हमला किया, वह ओमान का नागरिक था। इजराइल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि पायलट की हिम्मत ने बड़ी घटना टाल दी। वरना 2001 में हुए अमेरिका के 9/11 जैसी घटना हो सकती थी।

स्पाइसजेट में 11 साल पायलट रहे कैप्टन स्मित



फ्लाईदुबई से पहले मूल रूप से गुजरात के रहने वाले स्मित ने 11 साल से ज्यादा समय तक स्पाइसजेट में काम किया। यहां उन्होंने 9500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरी। इनमें 6400 घंटे से ज्यादा समय विमान के मुख्य पायलट यानी पायलट-इन-कमांड के तौर पर था। जून 2022 में उन्होंने फ्लाईदुबई जॉइन की थी। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक, उन्हें कमर्शियल विमान उड़ाने का 13 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने बोइंग 737 विमानों पर करीब 9750 घंटे उड़ान भरी है।

मेरठ कोर्ट का अहम फैसला

नीले ड्रम वाली मुस्कान व प्रेमी साहिल दोषी करार



जज बोले- दोनों ने हत्या कर शव छिपाया, 13 माह में 126 सुनवाई के बाद पूरा हुआ ट्रायल

मेरठ (उप्र)। मेरठ के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में हत्या के बाद शव के टुकड़े कर नीले ड्रम में ठिकाने लगाने के मामले में बुधवार को जिला अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। सजा का ऐलान अगली सुनवाई पर किया जाएगा। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी (डीजीसी फौजदारी) केके चौबे ने बताया कि जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत ने सौरभ राजपूत हत्याकांड मामले में आरोपी उसकी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को हत्या और सुबूत मिटाने का दोषी करार दिया है। चौबे ने बताया कि अदालत दोनों दोषियों की सजा पर 15 दिन बाद सुनवाई करेगी। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि समाज में इस प्रकार के जघन्य अपराध के लिए अपराधियों को उचित सजा मिलनी चाहिए, जिससे समाज में अच्छा संदेश जाए। दोनों वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अदालत में पेश हुए।

एक भारतीय नाविक सहित पांच सदस्यों की हत्या

सोमाली सेना ने अगवा टैंकर को कब्जे में लिया

दुबई (भाषा) सोमालिया में समुद्री लुटेरों ने कब्जे में लिए गए एक ईंधन टैंकर पर सवार चालक दल के पांच सदस्यों की हत्या कर दी, जिनमें एक भारतीय नाविक भी शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केन्या स्थित भारतीय उच्चायोग ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह 'एमटी ऑनर' पर सवार चालक दल के भारतीय सदस्य की 'त्रासदपूर्ण मौत से बेहद दुखी' हैं।

अन्य सभी भारतीय नाविक सुरक्षित

कैबिनेट ने छह रबी फसलों के न्यू. समर्थन मूल्य को दी मंजूरी

गेहूं का एमएसपी 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों को तोह दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2027-28 के लिए सभी छह प्रमुख रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दी। गेहूं का एमएसपी 25 रुपये बढ़कर 2,610 रुपये, जौ 136 बढ़कर 2,286, चना 83 बढ़कर 5,958 रुपये, मसूर 390 रुपये बढ़कर 7,390 रुपये, सरसों 413 रुपये बढ़कर 6,613 रुपये और कुसुम 675 रुपये बढ़कर 7,215 रुपये प्रति क्विंटल किया है।

कुसुम में 675 रुपये की सबसे बड़ी बढ़ोतरी

मुंबई में खपानी थी नशे की खेप आरोपियों से की जा रही पूछताछ

3000 करोड़ की ड्रग्स के साथ 5 पाकिस्तानी पकड़े

मुंबई। समुद्री रास्ते से भारत में बड़े पैमाने पर ड्रग्स की तस्करी की कोशिश को भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस ने नाकाम कर दिया। संयुक्त कार्रवाई में लक्षद्वीप के पास एक ईरानी नाव को रोककर 5 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। नाव से 526 किलो मेथामफेटामाइन और हेरोइन बरामद की गई है। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

ईरानी नाव से मुंबई ले जा रहे थे 526 किलो मेथामफेटामाइन

गिल का वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक, सीरीज जीती

भारत ने पहली बार 405 रन का टारगेट चेज किया, रोहित का 35वां शतक, रोहित और शुभमन की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप



गुवाहाटी (एजेंसी)। कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 223 रन) के रिकॉर्ड सबसे तेज दोहरे शतक और रोहित शर्मा (101 रन) के शतक से भारत ने बुधवार को यहां दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज पर आठ विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। भारत ने अपने 52 साल के वनडे इतिहास में पहली बार 405 रन का टारगेट चेज किया है। गुवाहाटी में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 405 रन बनाए। जवाब में भारत ने 43.3 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। गिल जीत के हीरो रहे। गिल ने 117 गेंदों पर 200 रन का आंकड़ा पार किया। उन्होंने 133 बॉल पर 223 रन बनाए। 26 चौके और 8 छक्के भी जमाए। गिल ने रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 255 रन की पार्टनरशिप की। (खेल पेज भी देखें)



रोहित के 12000 वनडे रन पूरे

रोहित शर्मा वनडे में 12,000 रन पूरे करने वाले सातवें बल्लेबाज और तीसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए। रोहित ने अपने 291वें वनडे में यह उपलब्धि हासिल की और अपना 35वां शतक भी लगाया। रोहित वनडे में 12,000 रन का आंकड़ा पार कर सचिन तेंदुलकर (18,426 रन) और विराट कोहली (15,000 रन) साथ शामिल हो गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा-24 घंटे आतिशबाजी की इजाजत नहीं दी जा सकती

पटाखों पर पूरी तरह बैन नहीं, समय तय करे सरकार

धार्मिक भावनाओं, स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच संतुलन जरूरी ■ त्योहार मनाने के साथ आम लोगों के स्वास्थ्य का भी रखें ध्यान ■ अब मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पूरे देश में पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाना व्यावहारिक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि इससे लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि, इसका मतलब यह भी नहीं है कि 24 घंटे आतिशबाजी की अनुमति दे दी जाए। पटाखे चलाने के लिए सरकार को निर्धारित समय तय करना होगा, ताकि त्योहार मनाने के साथ आम लोगों के स्वास्थ्य और सुविधा का भी ध्यान रखा जा सके। जस्टिस एमएम सुंदरेश और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि इस मामले में धार्मिक भावनाओं के साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े पहलुओं के बीच संतुलन जरूरी है।

केंद्र ने नोट पेश किया



कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को पटाखों में इस्तेमाल होने वाले बेरियम की जांच, शोर की सीमा और फायर टेस्ट से संबंधित प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने केंद्र की ओर से एक नोट पेश किया। इसमें कुछ विशेष 'नेक्स्ट-जेनरेशन जॉइंट ग्रीन क्रैकर्स' को सीमित और शर्तों के साथ अनुमति देने का प्रस्ताव रखा गया है। ये पटाखे सीएसआईआर-नीरी के सहयोग से विकसित किए गए हैं। इनके निर्माण में ऐसे फॉर्मूले का इस्तेमाल किया गया है, जिनमें उत्सर्जन कम करने के लिए बेरियम साल्ट की मात्रा घटाई गई है।

पिछले साल भी मिली थी सीमित अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की सीमित अनुमति दी थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि पटाखे निर्धारित समय में ही चलाए जा सकेंगे। उस समय दिल्ली की वायु गुणवत्ता भी चिंता का विषय बनी हुई थी।

कर चोरी व फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए एआई से होगी निगरानी : मुख्यमंत्री

कर की दरें बढ़ाए बिना राजस्व बढ़ाने पर जोर विभागों के आंकड़ों को आपस में जोड़ा जाएगा

'हरियाणा की अपनी कर-राजस्व व्यवस्था' पर राष्ट्रीय सेमिनार को सीएम सैनी ने संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़



हरियाणा में कर चोरी और फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) और उन्नत आंकड़ा विश्लेषण का सहारा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार करों की दरें बढ़ाए बिना कर संग्रह बढ़ाएगी। इसके लिए विभिन्न विभागों के आंकड़ों को आपस में जोड़कर संदिग्ध लेनदेन और कर चोरी की पहचान की जाएगी। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की ओर से आयोजित 'हरियाणा की अपनी कर-राजस्व व्यवस्था' विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य केवल निगरानी रखना नहीं, बल्कि पारदर्शी व्यवस्था कायम करना और ईमानदार करदाताओं को सुविधाजनक सेवाएं देना भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का अपना कर-राजस्व वर्तमान में सकल राज्य घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से कम है। इसे 2030 तक 10 प्रतिशत और 2047 तक 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा, "दर नहीं, आधार बढ़ाना है; बोझ नहीं, अनुपालन बढ़ाना है।" उन्होंने बताया कि पुराने लंबित कर विवादों के निपटारे के लिए 'हरियाणा एकबारगी व्यवस्थापन योजना-2026' की अवधि बढ़ाकर 30 नवंबर 2026 कर दी गई है। वर्ष 2025 की योजना का लाभ करीब 1.15 लाख व्यापारियों ने उठाया था। कार्यक्रम में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि हरियाणा में 2047 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता और आवश्यक ढांचा मौजूद है। उन्होंने विश्वास आधारित और जोखिम आधारित व्यवस्था के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा आंकड़ों के एकीकरण जैसे कदमों की सराहना की।

जीएसटी, संपत्ति पंजीकरण व हर बिल पर रहेगी नजर

उन्होंने बताया कि जीएसटी, संपत्ति पंजीकरण, वाहन, बिजली बिल, शहरी विकास सहित विभिन्न विभागों के आंकड़ों को आपस में जोड़ा जाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन आधारित विश्लेषण से कारोबारियों की वास्तविक आर्थिक गतिविधियों और उनके द्वारा जमा कर का मिलान किया जाएगा। इससे कर चोरी और कर रिसाव वाले क्षेत्रों की पहचान कर कार्रवाई की जा सकेगी।

उद्योगों को बढ़ावा, युवाओं को रोजगार व किसानों को बाजार प्राथमिकता

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि राज्य सरकार बजट घोषणाओं और संकल्प पत्र में किए वादों को धरातल पर उतारने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तीन नई नीतियों से संबंधित प्रोत्साहन योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में निवेश करने वाले उद्यमियों को पारदर्शी, समयबद्ध और परेशानी-मुक्त व्यवस्था उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को चंडीगढ़ में स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी की बैठक

मुख्यमंत्री ने की पंचकूला के विकास कार्यों की समीक्षा

पंचकूला। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सुनियोजित, समग्र एवं आधुनिक विकास को नई गति देने के निर्देश देते हुए कहा कि शहर की मौजूदा आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक विकास योजनाओं को तेजी से अमलीजामा पहनाया जाए। उन्होंने पंचकूला में बेहतर नागरिक सुविधाओं, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे, सुगम यातायात व्यवस्था, पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल, आधुनिक आवासीय सुविधाओं, विकसित बाजारों, हरित क्षेत्रों, बेहतर पार्कों, खेल एवं मनोरंजन सुविधाओं तथा स्मार्ट सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था पर विशेष बल दिया।

पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगे हरियाणा के पर्यटन स्थल : शर्मा

■ एसोचैम स्वरा पर्यटन सम्मेलन को पर्यटन मंत्री ने संबोधित किया



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार प्रदेश को देश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों में स्थापित करने के लिए पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश के नए रास्ते खोलने जा रही है। इसके तहत प्रदेश के चुनिंदा पर्यटन स्थलों को पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। निजी क्षेत्र की पूंजी, विशेषज्ञता, तकनीक और बेहतर प्रबंधन क्षमता को सरकारी प्रयासों के साथ जोड़कर पर्यटकों के लिए हरियाणा में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह बात हरियाणा के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित 'एसोचैम स्वरा राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति तैयार की जा रही है।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जी, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर एनएफआर के विविध अनुबंधों के आवंटन के लिए ई–निविदा आमंत्रित किया है।

ई–कैटलॉग नं.	परिसंपत्ति का प्रकार	रेलवे स्टेशन	ई–नीलामी के लिए दिनांक और समय
Advt-Sept-07-26	विनाइल स्टिकर/बाहरी रैपिंग	ट्रेन संख्या 14041/42	प्रारंभ होने का समयः 12.10.2026 को 11:00 बजे
Advt-Sept-07-26	प्रतीक्षालय	सोनीपत रेलवे स्टेशन	प्रारंभ होने का समयः 12.10.2026 को 11:00 बजे
Advt-Sept-07-26	स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर–डिजिटल)	कुरुक्षेत्र, करनाल व पानीपत रेलवे स्टेशन	प्रारंभ होने का समयः 12.10.2026 को 11:00 बजे
Advt-Sept-07-26	आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (EMR)	मेरठ शहर, गाजियाबाद, सराय रोहिल्ला, पानीपत, रोहतक रेलवे स्टेशन पर ।	प्रारंभ होने का समयः 12.10.2026 को 11:00 बजे
वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है		https://ireps.gov.in/ (E-Auction-Leasing)	

सं.: 7PUB/e-Auction/NIT-2026 दिनांक: 29.09.2026 3391/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 28–अम्बाला/2026–27 दिनांक 29.09.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.)	अग्रिम राशि (रु.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	जमालपुर शेखां, लेहरा गागा और हिम्मताना स्टेशनों पर मौजूदा प्लेटफॉर्म का विस्तार और उन्हें ऊंचे स्तर तक उठाना।	6,90,76,390/-	13,81,500/-	15 महीने	23.10.2026
2	राजपुरा–धूरी सेक्शन में एल.एच.एस. संख्या 32A पर कवर्ड शेड का प्रावधान तथा एल.एच.एस. संख्या 32A एवं 38B पर सतह में सुधार, जॉइंट सीलिंग, जल निकासी एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	2,06,34,736/-	4,12,700/-	10 महीने	23.10.2026
3	खरड़, बराड़ा, लालडू और धूलकोट रेलवे स्टेशनों पर रैंप का प्रावधान।	4,37,32,314/-	8,74,700/-	12 महीने	23.10.2026
4	खरड़ और दुखेड़ी स्टेशनों पर यात्री प्लेटफॉर्म को LL से HL तक ऊंचा करना, और दुखेड़ी रेलवे स्टेशन पर रैंप के साथ 3 मीटर चौड़ा FOB बनाना।	8,77,19,202/-	17,54,400/-	12 महीने	23.10.2026
5	अंबाला डिवीजन में नॉन–इंटरलॉक L–क्रॉसिंग गेट्स पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट की व्यवस्था (TVU 10000 और 20000 के बीच) (सरहिंद–दौलतपुर चौक सेक्शनः– लेवल क्रॉसिंग नंबर 26, 36, 41, 57, 58, 59, 64, 65, 66, 67, 74, 75, 81 और 84, न्यू मोरिंडा–सानेहवाल सेक्शनः– लेवल क्रॉसिंग नंबर 12 और 14, हिंडन केबिन–सहारनपुर जंक्शन सेक्शनः– लेवल क्रॉसिंग नंबर 540C और चंडी मंदिर–कालका सेक्शनः– लेवल क्रॉसिंग नंबर 137C, कुल 18 लेवल क्रॉसिंग)।	2,78,56,627/-	5,57,100/-	09 महीने	23.10.2026

नोटः 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी बांड, अनुबंध–IV के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–II) डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3393/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे हरियाणा के भाजपा विधायक

■ तीन अक्टूबर को दिल्ली में मुलाकात का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा के भाजपा विधायक 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता की अगुवाई में सभी विधायक दिल्ली जाएंगे। प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात दोपहर तीन बजे प्रस्तावित है। इसके लिए प्रदेश भाजपा ने विधायकों को दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री से मुलाकात से करीब एक घंटे पहले दोपहर दो बजे सभी विधायक हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ लंच करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक प्रधानमंत्री से मिलने जाएंगे। प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात का विस्तृत एजेंडा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। बैठक में प्रदेश सरकार के कामकाज, विकास योजनाओं और संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

■ मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में करेंगे भेंट

■ इससे पहले हरियाणा भवन में लंच देंगे सीएम

संगठन और सरकार के कामकाज पर होगी चर्चा

मुख्यमंत्री की ओर से सरकार के कार्यों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रधानमंत्री के समक्ष रखे जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री के साथ लंच के दौरान विधायकों को विधानसभा और अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री के साथ सामूहिक मुलाकात के दौरान केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश सरकार और विधायकों के बीच संवाद होगा।

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता सेवानिवृत्त

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रधान सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरुण कुमार गुप्ता बुधवार, 30 सितंबर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। गुप्ता 1992 बैच हरियाणा कैडर के अधिकारी हैं। उनकी सेवानिवृत्ति को लेकर सरकार के कार्मिक विभाग की ओर से औपचारिक आदेश जारी किया गया था। राज्य सरकार की ओर से अरुण गुप्ता को एक वर्ष का सेवा विस्तार देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, लेकिन 30 सितंबर तक केंद्र से इसकी मंजूरी नहीं मिल सकी। ऐसे में गुप्ता ने निर्धारित आयु सीमा पूरी होने पर बुधवार को आईएएस सेवा से विदाई ले ली। गुप्ता की सेवानिवृत्ति के अंतिम दिन भी प्रशासनिक गतिविधियां जारी रहीं। वह दिनभर अपने दायित्वों से संबंधित बैठकों और कार्यों में व्यस्त रहे। वहीं, उनके सम्मान में आईएएस अधिकारियों के संगठन की ओर से विदाई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके लंबे कार्यकाल और सेवाओं को याद किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

■ 1992 बैच हरियाणा कैडर के अधिकारी को आईएएस एसो. ने दी विदाई

मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव चिंताजनक : दत्त

चंडीगढ़। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हो रहे बदलाव को लेकर कांग्रेस ने गंभीर चिंता जताई है। हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम प्रक्रिया की जल्दबाजी में नहीं हटना चाहिए। संजय दत्त ने कहा कि अभियान शुरू होने के समय प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 2.06 करोड़ मतदाता दर्ज थे। एसआईआर के पहले चरण में करीब 33.84 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में दर्ज नहीं हो पाए, जिनमें स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, अनुपस्थित, डुप्लीकेट अथवा अन्य कारणों से रिकॉर्ड में नहीं आए मतदाता शामिल थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा बड़ी संख्या में नोटिस जारी किए गए हैं और इन मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया अभी जारी है। कार्यक्रम के अनुसार दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 28 अक्टूबर तक किया जाना है, जबकि अंतिम मतदाता सूची 6 नवंबर को प्रकाशित होनी है। उन्होंने ने कहा कि यदि मतदाताओं से जुड़े मामलों में सुनवाई लंबित है, तो उन्हें पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

■ 33.84 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में दर्ज नहीं हो पाए

शिक्षकों के नोशनल सेवा के अनुभव अंक रोकना सरकार को पड़ा भारी

चंडीगढ़। हरियाणा की शिक्षक स्थानांतरण नीति में अनुभव अंकों की गणना को लेकर चल रहे विवाद में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पीजीटी शिक्षकों को राहत दी है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस मिंदरजीत यादव की खंडपीठ ने शिक्षकों के पक्ष में एकल पीठ के फैसले को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की अपील खारिज कर दी। इससे उन शिक्षकों को लाभ मिलेगा, जिन्हें सेवा अवधि के लिए नोशनल लाभ तो दिए गए, लेकिन स्थानांतरण अभियान में उसी अवधि के अनुभव अंक देने से विभाग ने इनकार कर दिया था।परविंद्र कुमार सहित दर्जनों पीजीटी शिक्षकों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि विभाग ने उनकी सेवा को नोशनल रूप से मान्यता देते हुए एसीपी, वरिष्ठता और नोशनल वेतन निर्धारण सहित अन्य सेवा लाभ दिए हैं। इसके बावजूद स्थानांतरण अभियान में अनुभव अंकों की गणना के दौरान इस अवधि को शामिल नहीं किया गया। शिक्षकों की याचिका पर जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। शिक्षा विभाग ने इसे खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी थी।

■ हाईकोर्ट से पीजीटी शिक्षकों को बड़ी राहत, सरकार की अपील खारिज

साक्षात्कार के न्यूनतम अंक न होने पर उम्मीदवार अयोग्य नहीं : हाईकोर्ट



चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि भर्ती विज्ञापन में बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक निर्धारित नहीं किए गए हैं, तो चयन समिति केवल साक्षात्कार के आधार पर किसी उम्मीदवार को 'योग्य नहीं पाया गया' घोषित नहीं कर सकती। चयन समिति को विज्ञापन में निर्धारित सभी मानकों और उनके लिए तय अंकों के आधार पर उम्मीदवार की योग्यता का आकलन करना होगा।

जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी में सहायक पद की भर्ती से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि चयन के दौरान ऐसा अयोग्यता मानदंड लागू करना, जो भर्ती विज्ञापन में था ही नहीं, अधिकार क्षेत्र से परे जाकर चयन प्रक्रिया के नियमों को बदलने के समान है। मामला सहायक के आठ पदों की भर्ती का था। इनमें एक पद बीसी-बी श्रेणी के लिए आरक्षित था। याचिकाकर्ता ने इस पद के लिए आवेदन किया था। विज्ञापन में कुल 100 अंकों की चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई थी। इसमें कंप्यूटर टाइपिंग के 35, सामान्य योग्यता परीक्षा के 30, शैक्षणिक योग्यता के 10, कार्य अनुभव के पांच, विषय ज्ञान के आठ और साक्षात्कार के 12 अंक निर्धारित थे।

■ चयन समिति विज्ञापन में तय मानकों से हटकर नहीं बना सकती नया मानदंड

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

{ कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में }

सार्वजनिक नोटिसः ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1423 दिनांकः-22/09/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (55) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

S.No	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5583432	U85100HR2016PTC064556	मेडिऑक्सी हेल्थ सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5585897	U78300HR20240PC121548	विजिलटेक सिक्योरिटी सॉल्यूशंस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
3	AC5697745	U45201HR2005PTC035871	गौरी शंकर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5670355	U72900HR2014PTC054100	लाइवऑब्जेक्ट्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5661654	U74999HR2022PTC103359	एकरमैन एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5652118	U78300HR2024PTC124031	जीएन एचआर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
7	AC5606542	U22200HR2022PTC106979	एकेबी टेलीफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5635402	U02006HR2018PTC073088	पार्टिसिपेटरी ग्रीनिंग कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
9	AC5691778	U14109HR2023PTC115407	बुएन डॉट प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5643200	U45201HR2019PTC080368	डीजीए इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5639183	U45309HR2020PTC086365	प्रियल राठी कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5601375	U78300HR2024PTC120580	एग्जीक्यूटिव वर्टिकल एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5640105	U27300HR2020PTC090498	पीबी राठी स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5592761	U17200HR2019PTC084454	बीजारटेक्स प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5566875	U45202HR2020PTC088802	लिशा बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड
16	AC5621779	U62013HR2025PTC132160	फिनपायर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5594484	U72900HR2005PTC035933	आर. जी. के. इन्फो सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
18	AC5601435	U70109HR2021PTC095246	ब्लू रूट बिजनेस वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
19	AC5416153	U93090HR2019PTC079770	तियान सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
20	AC5552432	U20292HR2015PTC057466	बालाजी कॉर्क प्राइवेट लिमिटेड
21	AC5577902	U86900HR2025PTC129656	औशिका हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
22	AC5578326	U62013HR2024PTC125966	एसडीबी डेटाबेस प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5545441	U69200HR2024PTC121502	क्लेरिटास एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5515452	U28100HR2020PTC090771	स्टनफ्लिट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5534509	U63030HR2021PTC098859	कोराज़ो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
26	AC5442221	U85500HR2024PTC126550	वीडी एजुकेशन हब प्राइवेट लिमिटेड
27	AC5536243	U93000HR2019OPC083980	वर्ल्डवाइड फेस्ट्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
28	AC5370436	U77303HR2025PTC139659	यादव स्केफॉल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड
29	AC5221690	U31909HR2011PTC042236	श्रीवारी टेक्नोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
30	AC5673475	U82110HR2026PTC140342	एम4के कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
31	AC5653302	U63000HR2014PTC053242	बिम्प्रा टूर्स एंड ट्रेवल्स प्राइवेट लिमिटेड
32	AC5651238	U62011HR2023PTC115448	डुओवर्सल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
33	AC5614480	U69201HR2025PTC135266	एरोमैक Accounting सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
34	AC5690047	U85110HR2020PTC090550	जेडीके बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड
35	AC5684112	U47912HR2025PTC131743	स्लेकल्ट फैशन प्राइवेट लिमिटेड
36	AC5588039	U74999HR2016PTC058672	मेकमायडिलीवरी प्राइवेट लिमिटेड
37	AC5605917	U55204HR2016PTC065139	ऑनस्ट्रीट थाई फूड प्राइवेट लिमिटेड
38	AC5618601	U10304HR2024PTC125965	डब्ल्यूसीबी ड्रिंक्स प्राइवेट लिमिटेड
39	AC5581814	U24201HR2025PTC135069	जेन मेटालिकोस प्राइवेट लिमिटेड
40	AC5584621	U74102HR2025PTC134118	यूटिलिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
41	AC5545808	U70109HR2017PTC069557	सोमाया होम्स प्राइवेट लिमिटेड
42	AC5544322	U62099HR2023FTC109945	मिराजवर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
43	AC5537381	U28910HR2013PTC051005	स्टारटेक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
44	AC5542158	U70109HR2021PTC099932	सजार इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
45	AC5559554	U66190HR2023PTC114500	जेल्मॉक्स फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड
46	AC5598606	U72900HR2021PTC095927	एक्सटेंशन सीआरएम प्राइवेट लिमिटेड
47	AC5485423	U01100HR2021PTC093402	प्रकृत प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
48	AC5520023	U47730HR2024PTC125887	सालासर कंपोजिट्स प्राइवेट लिमिटेड
49	AC5653436	U52520HR2021PTC096584	किसान फ्रेश मेगा मार्ट प्राइवेट लिमिटेड
50	AC5597830	U72900HR2021PTC095843	एक्साइटर टेक प्राइवेट लिमिटेड
51	AC5685266	U15490HR2021PTC095289	नारनौल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड
52	AC5677610	U47720HR2025PTC128151	क्योरलाइट्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
53	AC5684791	U72501HR2019PTC083151	स्ट्राइडो सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड
54	AC5662844	U51909HR2018PTC077376	पार्टम इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
55	AC5674389	U52609HR2020PTC089121	लीडिंग लिंक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने के आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0616/2627

खबर संक्षेप

भाभी के सामने मजाक में लगाया फंदा, गई जान

जींद। गांव किलाजफरगढ़ में बीती देर शाम मजाक में लगाए फांसी के फंदे ने युवक की जान ले ली। गांव किलाजफरगढ़ निवासी हरीश (31) को मंगलवार रात गंभीर हालत में सीएचसी जुलाना लाया गया था। मृतक के पिता रामेहर ने बताया कि हरीश अविवाहित था और टावर कंपनी में काम करता था। पांव में चोट लगी होने के कारण वह दो दिन से छुट्टी पर था। बीती देर शाम हरीश अपने कमरे में था। उसने मजाक में अपनी भाभी को देखकर पंखे से फांसी का फंदा अपने गले में डाल लिया। उसकी भाभी पानी देकर कमरे से बाहर आ गई। हरीश के पांव में चोट होने के कारण उसका बैलेंस बिगड़ गया और फांसी लग गई। जब तक उसे नीचे उतारा जाता, तब तक उसकी हालात गंभीर हो चुकी थी। जब उसे अस्पताल पहुंचाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी।

पति की हत्या में पत्नी व उसके प्रेमी को उम्रकैद

पंचकूला। मदनपुर में फरवरी 2022 में हुई मैकेनिक सिया राम (41) की हत्या के मामले में कोर्ट ने मृतक की पत्नी अनीता देवी (38) और उसके प्रेमी संजय कुमार गुप्ता (32) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी सिया राम पेशे से मैकेनिक था और मदनपुर में किराये के मकान में रहता था। वहीं पड़ोस में यूपी के गोरखपुर का रहने वाला संजय रहता था। इस दौरान सियाराम की पत्नी अनीता और संजय के बीच अवैध संबंध बन गए। सिया राम को इसकी भनक लगने पर पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए और फिर स्कार्फ से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को कंबल में लपेटकर आशियाना ब्लॉक के पास नाले में फेंक दिया।

एचएयू में कृषि मेला आज, सीएम नायब सैनी करेंगे शुभारंभ

हिसार। एचएयू में एक व दो अक्टूबर को लगने वाले रबी मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर मेले का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज करेंगे जबकि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा विशिष्ट अतिथि होंगे। एचएयू की ओर से आयोजित इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। इस दौरान प्रदेश के 45 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा। पुलिस के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

धान के अवशेष जलाने पर 3 किसानों पर केस

यमुनानगर। धान के अवशेष जलाने पर थाना छप्पर पुलिस ने गांव मंधार निवासी तीन किसानों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार एग्रीकल्चर इंस्पेक्टर देवेंद्र चौधरी ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 सितंबर को उन्हें सूचना मिली थी कि गांव मंधार में किसान हरजीत सिंह, ओंकार सिंह व अवतार सिंह ने अपने खेतों में फसल के अवशेष जलाए हुए हैं। जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान आरोपियों द्वारा अपने फसल के अवशेष जलाए गए थे। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

एशियन गेम्स : सोनीपत के कुशल दलाल ने तीरंदाजी में दिलाया गोल्ड

कुश्ती छोड़ तीरंदाजी में बने कुशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



एशियन गेम्स-2026 में गांव सिवानका के लाडले कुशल दलाल ने तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है। कुशल दलाल ने पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की। कुशल की इस उपलब्धि के बाद सिवानका में परिवार और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। टीम की स्वर्णिम उपलब्धि पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें बधाई दी। कुशल के पिता संदीप दलाल खेती-बाड़ी करते हैं, जबकि माता गीता हरियाणा राज्य कृषि विभाग बोर्ड में अकाउंटेंट हैं।

कुशल ने पांचवीं कक्षा में खेलना शुरू किया था। शुरुआत कुश्ती से की थी। सातवीं कक्षा में उसकी मां गीता उसे खेल प्रशिक्षण दिलाने के लिए रोहतक ले गईं। शुरुआत में कुश्ती के साथ दूसरे खेलों को भी आजमाया, लेकिन तीरंदाजी को चुना और इसी में आगे बढ़ता चला गया। रोहतक के राजीव गांधी स्टेडियम में उसने प्रशिक्षण लिया। इसके बाद एक अकादमी भी ज्वाइन की। बेटे के भविष्य को देखते हुए मां गीता रोहतक में उसके साथ रहीं, जबकि पिता संदीप दलाल गांव सिवानका में खेती संभालते रहे। संयुक्त परिवार में संदीप के भाई प्रदीप दलाल भी हैं, जो गोहाना में स्कूल चलाते हैं।

कुशल ने 2018 में पहला पदक जीता था, जिसके बाद उसका खेलो इंडिया में चयन हुआ। 12वीं की पढ़ाई के बाद साई को ज्वाइन किया। एशिया कप, विश्व खेलों, राष्ट्रीय और विश्वविद्यालय स्तर पर कई पदक जीते। बैंकॉक एशिया कप में अंडर-21 वर्ग में विश्व रिकार्ड नाम किया।

ग्रीको-रोमन कुश्ती में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर/रोहतक

गन्नौर के डबरपुर गांव के अर्जुन अवॉर्डी पहलवान सुनील कुमार ने एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। एशियन गेम्स में बुधवार को पुरुषों के ग्रीको-रोमन 87 किलोग्राम भारवर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में सुनील कुमार ने फिलीपिंस के कॉलम जॉनस्टन रॉबर्ट्स को 9-0 से हराया। इस पदक के साथ सुनील कुमार ने एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीतने की उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित 2023 एशियन गेम्स में भी कांस्य पदक जीता था। वह एशियन गेम्स में ग्रीको-रोमन कुश्ती में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं। उनकी मां अनीता देवी और भाई सुमित मलिक सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी जीत पर खुशी जताई। सुनील ने 2020 में एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत के सूखे को खत्म किया था। 2026 में भी उन्होंने सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में 87 किलोग्राम भारवर्ग का कांस्य पदक जीता।

पिता का सपना पूरा करना अभी बाकी



सुनील वर्तमान में रोहतक की देव कॉलोनी स्थित मेहर सिंह अखाड़े में कोच रणबीर ढाका के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। जीत के बाद कोच रणबीर ढाका, अखाड़ा संचालक मोहित मलिक, कोच रवि, कोच सोनू, कोच रिंकू, कोच हरदीप ने विजेता पहलवान को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुनील ने बताया कि उनके पिता अश्वनी कुमार को पहलवानी का बेहद शौक था। सुनील ने साल 2008 में कुश्ती खेलना शुरू किया था। वर्ष 2010 में उनके पिता का देहांत हो गया था। सुनील के पिता का सपना था कि वह ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतें। मेरे पिता का सपना अभी बाकी है।

एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाली पहिला महिला बॉक्सर बनी प्रिया

भिवानी। भिवानी की बॉक्सर प्रिया एशियन गेम में सिल्वर मेडल से चूक गई, लेकिन बेटी ने देश की झोली में ब्रांज मेडल डाल दिया। परिवार में पदक का रंग न बदल पाने पर थोड़ी निराशा दिखी, लेकिन बेटी के ब्रांज मेडल की खुशी भी छाई रही। बॉक्सिंग में भिवानी के लिए एकमात्र उम्मीद धनाणा गांव की बॉक्सर प्रिया घणघस का मैच परिवार ने लाइव देखा। वह चाइना की बॉक्सर से हार गई। प्रिया के पिता महेन्द्र घणघस व ताऊ रणबीर प्रधान ने कहा कि हार-जीत खेल में चलती रहती है। उन्होंने कहा कि प्रिया देश की पहली महिला बॉक्सर बनी है, जिसने एशियन गेम में मेडल जीता है। पिता व ताऊ ने कहा कि बेटी का घर आने पर भव्य स्वागत करेंगे। वहीं प्रिया की मां मीरा देवी व ताई रामरती ने कहा कि मेरी बेटी देश के लिए गोल्ड मेडल लाने की



बात कहकर गई थी। उन्होंने कहा कि भले ब्रांज मेडल रहा, पर बेटी की इस जीत पर भी खुशी है। मां ने कहा कि इस बार बेटी को चूरमे में और घी डालकर खिलाऊंगी ताकि वह ओलंपिक में गोल्ड मेडल ला सके। वहीं प्रिया घणघस के कोच नवीन ने कहा कि जो कमियां रही, उनको अब दूर करेंगे। प्रिया अब वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी करेगी, उसी से ओलंपिक क्वालीफाई होगा।

पेट्रोल पंप संचालक से मांगी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी

- सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने व्यवसायी के घर के बाहर पुलिस कर्मचारी तैनात किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के अर्बन एस्टेट क्षेत्र में रहने वाले पेट्रोल पंप संचालक प्रमोद गोयल से बदमाशों ने वायस मैसेज भेजकर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। रंगदारी की रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। वायस मैसेज मिलने के बाद प्रमोद गोयल ने अर्बन एस्टेट थाना पुलिस को शिकायत दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा के लिहाज से उनके घर के बाहर पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। मूलरूप से आदमपुर निवासी प्रमोद गोयल अपने परिवार के साथ अर्बन एस्टेट क्षेत्र में रहते हैं।

दिल्ली रोड पर माल के पास उनका पेट्रोल पंप है। तीन दिन पहले उनके फोन पर वायस मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने उनसे पांच करोड़ की रंगदारी मांगी और रकम न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

पंडित का नाम ले डॉक्टर से मांगे 1 करोड़

पानीपत। पानीपत में सुनील मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. संजय सैन से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। कॉलर ने खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य अनिल पंडित बताया। वहीं, पंडित ने डॉ. सैन को रंगादारी की रकम देने के लिए 24 घंटों का समय दिया है। कॉलर ने चेतावनी दी यदि एक करोड़ की रकम नहीं दी तो उनकी हत्या कर दी जाएगी। वहीं, डॉ. थाना मॉडल टाउन थाना प्रभारी जगमहेंद्र ने कहा कि डॉ. संजय सैनी को रंगदारी की धमकी दिए जाने की शिकायत मिली है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वहीं, पुलिस की कई टीमें भी जांच में जुटी हैं।

सब इंस्पेक्टर को 25 हजार की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

कैथल। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सिविल लाइन थाना कैथल के सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सब इंस्पेक्टर को थाने से ही रिश्वत की राशि के साथ एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर सूबे सिंह सैनी की टीम ने पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहे। इस संबंध में सुभाष नगर कैथल के साहिल कुमार ने शिकायत दी थी कि सब इंस्पेक्टर उनसे लड़ाई झगड़े के केस में नाम निकलवाने के लिए रिश्वत मांग रहा है। बुधवार देर सायं को टीम ने सिविल लाइन थाने में जाल बिछाया। जैसे ही शिकायतकर्ता द्वारा आरोपी इंस्पेक्टर को रिश्वत की 25000 की राशि दी तो इशारा पाते ही एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को काबू कर लिया। टीम द्वारा आरोपी इंस्पेक्टर के कब्जे से 25000 की रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली गई है।

गुटखा-पान मसाला बनाने वाली फैक्ट्री पर रेड, चार क्विंटल माल बरामद किया

- मई माह में एक्सपायर हो चुका था लाइसेंस, नहीं करवाया रिन्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीएम फ्लाइंग ने बुधवार दोपहर रामगढ़ रोड के निकट चल रही एक गुटखा-पान मसाला व तंबाकू बनाने वाली फैक्ट्री पर रेड की। फैक्ट्री का लाइसेंस बीते मई माह में ही एक्सपायर हो चुका है। फैक्ट्री में लगभग 4 क्विंटल उत्पाद पाए गए हैं। यह फैक्ट्री एक महिला एक्साइज इंस्पेक्टर के पति की बताई जा रही है। टीम फैक्ट्री के वैध होने या नहीं होने के बारे में जांच कर रही थी। अगर फैक्ट्री का संचालन अवैध पाया गया तो इसे सील करने के बाद केस दर्ज की कार्रवाई होगी। सीएम फ्लाइंग टीम ने बुधवार को फायर ब्रिगेड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, बिजली निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ फैक्ट्री पर छापा मारा।



रेवाड़ी। फैक्ट्री के बाहर मौजूद रेड मारने आई टीम। *फोटो : हरिभूमि*

संचालक की एक्साइज इंस्पेक्टर पत्नी भी मौके पर आई

फैक्ट्री पर रेड की सूचना पाकर संचालक की एक्साइज इंस्पेक्टर पत्नी भी मौके पर पहुंच गई। सूत्रों के अनुसार मामला हाई लेवल तक पहुंचने के बाद रफा-दफा करने के प्रयास भी तेज हो गए। महिला अधिकारी मीडिया की मौजूदगी के चलते तुरंत मौके से चली गई।

सीएम फ्लाइंग के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि इस फैक्ट्री का लाइसेंस नूंह में बना हुआ है जो मई माह में ही खत्म हो चुका है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर संदीप चौधरी ने बताया कि फैक्ट्री का लाइसेंस मई माह में ही खत्म हो चुका है। जिस स्थान पर यह फैक्ट्री संचालित हो रही है, वह एरिया भी अप्रूव्ड नहीं है। इसलिए डीटीपी विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुला लिया।

कॉलोनी का लाइसेंस लेने के नियमों में होगा बदलाव, 90 दिनों में बतानी होगी आपत्तियां

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश में नई कॉलोनी विकसित करने के लिए लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में बड़े बदलाव करने की तैयारी हो गई है। लाइसेंस आवेदन पर विभाग की जवाबदेही तय करते हुए 90 दिन में आपत्तियां बताने का प्रावधान कर दिया गया है। इसके बाद आवेदक को इन्हें दूर करने के लिए 60 दिन का वक्त मिलेगा। वहीं, कम घनत्व वाली पर्यावरण अनुकूल कॉलोनियों में सौर ऊर्जा, जल पुनर्चक्रण, सीवेज ट्रीटमेंट और जैविक कचरा प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। जानकारी अनुसार नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने 28 सितंबर को हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास और विनियमन (संशोधन) नियम, 2026 का मसौदा राजपत्र में प्रकाशित किया है। सरकार ने इस पर 30 दिन के अंदर अंदर आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं।

मसौदे के अनुसार, यदि निदेशक किसी आवेदन से संतुष्ट नहीं है तो उसे छह माह के भीतर खारिज करना होगा। आवेदन खारिज करने से पहले कॉलोनाइजर को सुनवाई का मौका देना जरूरी होगा। फैसले की सूचना रजिस्टर्ड डाक और ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी।


वाटिका ग्रुप के सीएमडी अनिल भल्ला व प्रमोटर गौतम गिरफ्तार

गुरुग्राम। ईडी ने वाटिका ग्रुप से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल भल्ला और ग्रुप के प्रमोटर गौतम भल्ला को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को मंगलवार को गुरुग्राम की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 3 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी के मुताबिक, मामले में करीब 154.36 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित आय फिलहाल चिन्हित की गई है। एजेंसी का आरोप है कि 2010 से 2012 के बीच सात खरीदार संस्थाओं ने गुरुग्राम के वाटिका इंडिया नेक्स्ट और वाटिका इंडिया नेक्स्ट-2 प्रोजेक्ट्स में आवासीय प्लॉट के लिए करीब 260 करोड़ रुपये की पूरी बिक्री राशि अग्रिम जमा की, लेकिन बड़ी संख्या में प्लॉट अब तक खरीदारों को नहीं दिए गए।

वंचित परिचालकों को एसीपी देने की प्रक्रिया शुरू

हिसार। हरियाणा राज्य परिवहन में वर्ष 2008 में भर्ती हुए परिचालकों को एसीपी लाभ से वंचित रहने के मामले में परिवहन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य के परिवहन महानिदेशक की ओर से सभी महाप्रबंधकों को पत्र जारी कर ऐसे परिचालकों की पूरी जानकारी निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि एसीपी लाभ देने के संबंध में कार्रवाई की जा सके। महानिदेशक कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी पत्र में वित्त विभाग के 8 जून 2020 के पत्र का हवाला देते हुए बताया कि सांझा मोर्चा में शामिल हरियाणा राज्य परिवहन की यूनियनों की ओर से 2008 में भर्ती हुए परिचालकों को एसीपी लाभ से वंचित रहने की स्थिति में आवश्यक छूट प्रदान करते हुए एक विशेष वेतन वृद्धि देने की मांग की गई है।





खबर संक्षेप

आरमी इंफोटेक का शेयर 21 फीसदी टूटकर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। आरमी इन्फोटेक लिमिटेड के शेयर ने बुधवार को बाजार में कमजोर शुरुआत की और सूचीबद्ध होने के बाद अपने 375 रुपये के निर्गम मूल्य से 21 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। कंपनी का शेयर बीएसई पर 368.85 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 1.64 प्रतिशत कम है। कारोबार के दौरान शेयर 21.30 प्रतिशत टूटकर 295.10 रुपये पर आ गया।

एड्रोइट इंडस्ट्रीज के शेयर की बाजार में मजबूत लिस्टिंग

नई दिल्ली। एड्रोइट इंडस्ट्रीज के शेयर ने बुधवार को बाजार में मजबूत शुरुआत की और 134 रुपये के निर्गम मूल्य से 86.5 प्रतिशत उछलकर सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 250 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 86.56 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर यह निर्गम मूल्य से 75.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 235 रुपये पर खुला।

स्वस्तिक इंफ्रा का शेयर आठ फीसदी बढ़कर हुआ सूचीबद्ध

नई दिल्ली। स्वस्तिक इंफ्रा लिमिटेड का शेयर अपने 185 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले आठ प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई दोनों पर 200 रुपये के भाव पर शुरुआत की, जो निर्गम मूल्य से 8.10 प्रतिशत अधिक है। बीएसई पर शेयर 13.48 प्रतिशत उछलकर 209.95 रुपये पर पहुंच गया।

ज्योतिष



कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा

A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

नए सीएएफई -3 मानक एक अप्रैल 2027 से होंगे लागू

नए सीएएफई मानक जारी, पांच साल में ईंधन दक्षता 16.7 फीसदी सुधारने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने यात्री वाहन विनिर्माताओं के लिए सीएएफई-3 के कड़े ईंधन दक्षता मानक अधिसूचित किए हैं, जिनका लक्ष्य पांच साल में वाहनों की औसत ईंधन खपत में 16.7 प्रतिशत सुधार करना है। इसके लिए वाहन कंपनियों को इलेक्ट्रिक वाहन, हाइब्रिड, वैकल्पिक ईंधन और ईंधन बचाने वाली प्रौद्योगिकियों के जरिये लक्ष्य हासिल करने के अधिक विकल्प भी दिए गए हैं।

बिजली मंत्रालय की तरफ से अधिसूचित नए 'कॉरपोरेट औसत ईंधन अर्थव्यवस्था' (सीएएफई-3) मानक एक अप्रैल, 2027 से लागू होंगे और 31 मार्च, 2032 तक प्रभावी रहेंगे। इसके तहत औसत ईंधन खपत का मानक 2027-28 में 3.996 लीटर प्रति 100 किलोमीटर से घटकर 2031-32 में 3.327 लीटर प्रति 100 किलोमीटर हो जाएगा।

अधिसूचित मानक 31 मार्च 2032 तक प्रभावी रहेंगे

औसत ईंधन खपत का मानक घटकर 3.327 लीटर प्रति 100 किमी होगा

वाहनों के औसत वजन को बढ़ाकर 1,229 किलोग्राम कर दिया गया

हल्के वाहनों के लिए नरम लक्ष्य

नए ईंधन दक्षता मानक मौजूदा सीएएफई व्यवस्था की जगह लेंगे। इनमें वाहनों के औसत वजन को भी अधिक महत्व दिया गया है। संदर्भ वाहन का वजन मौजूदा 1,082 किलोग्राम से बढ़ाकर 1,229 किलोग्राम कर दिया गया है। इससे हल्के वाहनों के लिए अपेक्षाकृत नरम लक्ष्य और भारी वाहनों के लिए अधिक ईंधन दक्षता सुधार की जरूरत होगी।

इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को अधिक भार दिया जाएगा

नए मानकों के तहत इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को कंपनी के औसत ईंधन दक्षता लक्ष्य की गणना में उनकी वास्तविक संख्या से अधिक भार दिया जाएगा। इसके तहत बैटरी इलेक्ट्रिक और रेंज एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 3.0, प्लग-इन हाइब्रिड और फ्लेक्स-फ्यूल एथनॉल आधारित मजबूत हाइब्रिड वाहनों के लिए 2.5, मजबूत हाइब्रिड वाहनों के लिए 1.6 और फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए 1.1 का गुणक तय किया गया है।



नई प्रौद्योगिकी शामिल होगी : इनमें स्टार्ट-स्टॉप प्रणाली, टायर प्रेशर निगरानी, रीजनरेटिव ब्रेकिंग, अधिक दक्षता वाले अल्टरनेटर, माइक्रो-हाइब्रिड प्रणाली और एलईडी लाइटिंग जैसी प्रौद्योगिकी शामिल हैं। वैकल्पिक ईंधन से चलने वाले वाहनों को भी सीएएफई-3 के तहत कार्बन निरपेक्षता घटक के जरिये अनुपालन में अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

आठ प्रतिशत का कार्बन निरपेक्षता घटक लागू होगा

इसके तहत ई20 या इससे अधिक एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के टेलपाइप सीओ2 उत्सर्जन पर आठ प्रतिशत का कार्बन निरपेक्षता घटक लागू होगा। फ्लेक्स-फ्यूल एथनॉल वाहनों के लिए यह घटक 22.3 प्रतिशत होगा। सीएनजी वाहनों के मामले में पांच प्रतिशत या अधिसूचित सीबीजी मिश्रण के प्रतिशत, जो भी अधिक हो, का कार्बन तटस्थता घटक लागू होगा।

नए नियम अनुपालन की पहली अवधि तीन वर्ष की होगी : नए नियमों के अनुपालन की पहली अवधि वित्त वर्ष 2027-28 से तीन साल की होगी, जबकि दूसरी अवधि वित्त वर्ष 2030-31 से दो साल की होगी। किसी भी अवधि के अंत में निपटान नहीं किए गए क्रेडिट समाप्त हो जाएंगे।

उद्देश्य जीवाश्म ईंधन की खपत कम करना

इसका उद्देश्य भारत में जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने के साथ इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड, एथनॉल और अन्य स्वच्छ वाहन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। एक हजार से कम पात्र वाहनों का सालाना उत्पादन या आयात करने वाली कंपनियां किसी विशिष्ट औसत ईंधन दक्षता लक्ष्य को पूरा करने से मुक्त रहेंगी। हालांकि, उन्हें ईंधन खपत से जुड़े आंकड़ों की जानकारी देनी होगी।

सोना 700 रुपये बढ़कर 1.49 लाख रुपये

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में दो महीने के निचले स्तर से सुधार हुआ और ये 700 रुपये बढ़कर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

वैश्विक बाजार में मजबूती के रुख के बीच निवेशकों की कम कीमत पर की गई खरीदारी से सोने में तेजी आई। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में दो सत्रों से जारी गिरावट थम गई और यह 700 रुपये बढ़कर 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि मंगलवार को यह 1,48,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे सत्र में 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख, गौरव गर्ग के अनुसार, हालिया नुकसान के बाद व्यापारियों द्वारा नीचे दाम पर की गई लिवाली से बुधवार को सोने की कीमतों में सुधार हुआ।



- सोने में दो महीने के निचले स्तर से सुधार हुआ
- चांदी की कीमत 2.32 लाख रुपये प्रति किलो पर स्थिर रही

सोना 4,195 डॉलर प्रति औंस के आसपास

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की जिंस और मुद्रा शोध विश्लेषक, वेदिका नार्वेकर ने कहा, "सोना 4,195 डॉलर प्रति औंस के आसपास बना हुआ था और सितंबर में पांच प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद होने की राह पर था, जो समर्थन करने वाले कारकों और लगातार बनी हुई चुनौतियों के बीच खींचतान को दिखाता है।"

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 48 अंक और टूटा

मुंबई (एजेंसी)। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, ऊंचे वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल और विदेशी पूंजी की निकासी से निवेशकों में चिंता के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स दिन के अंत में हुई बिकवाली के कारण 48.78 अंक टूटकर 72,480.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 533.16 अंक बढ़कर 73,062.23 अंक तक पहुंच गया था। वहीं पचास शेयर वाला एनएसई निफ्टी 95.75 अंक यानी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 22,620.45 अंक पर बंद हुआ। इस महीने बीएसई सेंसेक्स में 4,476.98 अंक जबकि निफ्टी में 1,459.95 अंक की गिरावट आई। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इटर्नल, सन फार्मा, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयर सबसे अधिक गिरावट में रहे। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंटरग्लोब एविएशन और एक्सिस बैंक के शेयर में तेजी दर्ज की गई।

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रही, वैश्विक बांड प्रतिफल के कारण निवेशक का रुझान बदला

उत्तर रेलवे कर्मियों ने कबाड़ से तैयार की कलाकृतियां



नई दिल्ली। "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026" के अंतर्गत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा अपशिष्ट पदार्थों के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे की विभिन्न इकाइयों में "कबाड़ से जुगाड़/कबाड़ से कला" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस रचनात्मक पहल के तहत रेलवे कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा और टीम भावना का परिचय देते हुए बेकार व अनुपयोगी सामग्री से आकर्षक कलाकृतियाँ तैयार की हैं जैसे आलमबाग डीजल शेड तथा इलेक्ट्रिक लोको शेड, लुधियाना: रेलकर्मियों द्वारा दरियाई घोड़ा, घड़ी व इस प्रकार की कई सुंदर कलाकृतियों का निर्माण, डीजल शेड, तुगलकाबाद तथा इलेक्ट्रिक लोको शेड, गाजियाबाद: रेलकर्मियों द्वारा फूलदान व इस प्रकार की अन्य आकर्षक कलाकृति का निर्माण किया जा रहा है। "कबाड़ से जुगाड़/कबाड़ से कला" का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और "वेस्ट टू आर्ट" की अवधारणा को प्रोत्साहित करना है। यह प्रयास यह संदेश देता है कि सही सोच, नवाचार और रचनात्मकता के माध्यम से अनुपयोगी व व्यर्थ समझे जाने वाले सामान का भी सार्थक उपयोग किया जा सकता है। इन कलाकृतियों के माध्यम से न केवल कबाड़ को आकर्षक रूप दिया गया है।

लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में नहीं हुआ कोई बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र जैसी विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए कोई बदलाव नहीं किया है। एक अक्टूबर, 2026 से शुरू होने वाली चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए दरों को यथावत रखा गया है। यह लगातार दसवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं की दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त मंत्रालय की बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, ''वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वही रहेंगी, जो चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए अधिसूचित की गई थीं।'बनी रहेगी।



- लगातार 10वीं तिमाही में इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया

कल का होने वाला आंदोलन 'नो यूपीआई डे' वापस

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपीआई इस्तेमाल करने वालों के लिए बड़ी खबर है। 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का ऐलान अब वापस ले लिया गया है। 2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर व्यापारियों के एक बड़े वर्ग ने विरोध जताया था। इसी विरोध में 2 अक्टूबर को यूपीआई से दूरी बनाने का आह्वान किया गया था। अब व्यापारिक संगठनों के नेताओं की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद यह फैसला वापस ले लिया गया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में करीब 20 वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं ने वित्त मंत्री से मुलाकात की। बैठक में कारोबारियों ने 2,000 रुए से ज्यादा के रुपए लेन-देन पर 0.40 फीसदी एमडीआर लगाने के प्रस्ताव को लेकर अपनी चिंता बताई। व्यापारियों का कहना है कि डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में अगर हर बड़े यूपीआई लेन-देन पर दुकानदारों पर अतिरिक्त शुल्क आता है, तो खासकर छोटे और मध्यम कारोबारियों पर इसका असर पड़ सकता है।

वित्त मंत्री से मुलाकात के बाद व्यापारियों ने बदला फैसला

फसाई ने सेवन सीज का लाइसेंस किया निलंबित

(नई दिल्ली)। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने खराब स्वच्छता और साफ-सफाई के अलावा अन्य कानूनों के उल्लंघन के कारण सेवन सीज हॉस्पिटैलिटी का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

सूचना

मैं, रेमन देवी पत्नी श्री कर्मजीत निवासी गांव बोहतवाला, तहसील व जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा नाम मेरे सभी दस्तावेजों (आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों) में रेमन देवी है। मेरा नाम मेरे पुत्र सौरभ के स्कूल सर्टीफिकेट में रेमन है। अब मैं अपना नाम अपने पुत्र सौरभ के पासपोर्ट में रेमन देवी करवाना चाहती हूं।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहरी, राई, सोनीपत में जर्जर हालत हुए एक कमरा मय बरामदा की खुली नीलामी 07.10.2026 दिन बुधवार प्रातः 11:30 बजे होगी। आप सभी नीलामी में सादर आमंत्रित हैं। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। हर बोली दाता को बतौर सिक्योरिटी 5000/- रूपये जमा करवानी होगी।

हस्ता/-प्राचार्य,
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहरी (3641), राई, सोनीपत।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल

रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देखरेख में दिनांक 03 अक्टूबर को झूलों की बोली लगाई जाएगी। झूलों की बोली में भाग लेकर बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 03 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे रघुनाथपुरा खालड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। बोली में भाग लेने के लिए 5 लाख रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करवानी होगी। नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 9728774629

पीआरडीएच-1084/11/5413/2027/49788/88/6 दि. 30.09.26

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राजा पुत्रः करतार सिंह पताः गांव-बरोना, जिला-सोनीपत, हरियाणा FIR No. 311/2021 U/s 482 IPC/33/38/58 D.Ex. Act थानाः मायापुरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजा** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **राजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 311/2021 U/s 482 IPC/33/38/58 D.Ex. Act थानाः मायापुरी दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शीतल रानी
जेएमएफसी-12 (पश्चिम) कमरा नंबर 152
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13910/WD/2026
(Court Matter)

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां, (सोनीपत)	बीपीएसएमवी खानपुर कलां में एचआरडीसी / एमएमटीटीसी हॉस्टल बिल्डिंग के पुनरोद्धार हेतु निविदा (पुनः आमंत्रित)।	29.09.2026 29.10.2026	रु. 20,35,643/-	https://etenders.hry.nic.in	9416486361

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/49835/I/88/6 दि. 30.09.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचवीपीएनएल	एक्सईएन/टीएस डिवीजन, एचवीपीएनएल, रोहतक के अधिकार-क्षेत्र के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु (01.10.2026 से 31.03.2027 तक) 132 केवी खोखराकोट रोहतक में स्थित सैनीटेशन, स्वीपिंग, स्वैबिंग, क्लीनिंग, बागवानी एवं वृक्षसंवर्धन, सीवरेज सिस्टम, आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन का रखरखाव, कॉलोनी, अधिकारियों के आवासों की सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि की आउटसोर्सिंग गतिविधियां।	28.09.2026 05.10.2026	रु. 6,64,200/- (ईपीएफ, ईएसआई, एलडब्ल्यूएफ, सीपी एवं जीएसटी के बिना) /18,200	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/60/49824/1/88/6 दि. 30.09.26

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
Executive Engineer Central Mumbai Electrical Division
P.W.D.Worli, Mumbai
TENDER NOTICE NO. 21/ 2026-27

E-Tender for 75 Works in B-1 form are invited by the Executive Engineer, Central Mumbai Electrical Division, P.W.D Worli Mumbai (Phone - 022/45646881) from the registered contractors in appropriate class of Public Works Electrical Department of Govt. of Maharashtra.

1. Below Rs.10 Lakh -45works
2. Above Rs. 10 Lakh -30 works (E-Tenders)


All information related to this tender is made available on following website. Also, all the changes will be made available on this website.
For Below Rs 10 Lakh works - **http://mahapwd.gov.in (Pay PWD Online)**
For Above Rs 10 Lakh works-**https://mahatenders.gov.in**

OW/No-EE/CMED/TENDER/3430/2026 Dt. 28.09.2026

Sd/-Executive Engineer
Central Mumbai Electrical
Division P.W.D.Worli

आरओसी-2026-27/क्र-5/C3037

शब्द पहेली - 6364




बाएँ से दाए
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी-2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

ऊपर से नीचे
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

शब्द पहेली- 6363 का हल

	स	र	ग	ना		आ	म	रा	य	
कि		न	ज	ला		कि	क	र		त
त	ल		ल	य		स	र		ला	ल
र	ह	ना		क	हा	र		ज	ल	वा
त	र	सा	ना		ति		ज	ल	च	र
			र	ह	म	दि	ल			
ब	ग	दा	द		ता		न	ज	रा	ना
र	म	ल		स	ई	स		प	ह	रा
ग	ला		स	दा		ल	स		त	य
द		ग	ली	चा		वा	न	र		ण
	का	श्त	का	र		र	म	जा	न	



खबर संक्षेप

सामाजिक विज्ञान में पढ़ाया जाएगा 'सेंगोल'

नई दिल्ली। नए संसद भवन में वर्ष 2023 में स्थापित किये गये 'सेंगोल' के बारे में अब एनसीईआरटी की कक्षा नौ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में पढ़ाया जाएगा। किताब में 'सेंगोल' को 'शासन और सुशासन का सांस्कृतिक प्रतीक' बताया गया है। इसकी परंपरा को चोल काल से जोड़ा गया है। 'अंडरस्टैंडिंग सोसाइटी इंडिया एंड बियॉन्ड-पार्ट 2' नामक यह पाठ्यपुस्तक नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के छह महीने बाद मंगलवार को जारी की गई।

बीमार पत्नी को देखने के लिए आसाराम को कोर्ट से जमानत नहीं

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने आसाराम की 20 दिन की अस्थायी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आसाराम ने मानवीय आधार पर बीमार पत्नी को देखने के लिए राहत मांगी थी, लेकिन उन्हें यह राहत नहीं मिली है। जस्टिस गीता गोपी और जस्टिस एलएस पीरजादा की डिवीजन बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया।

कोलकाता में ईडी की 12 जगह छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय ने 820 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी और उसके बाद दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता के 'दुरुपयोग' के आरोपों का सामना कर रहे कोलकाता स्थित समूह के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत बुधवार को यहां एक दर्जन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। एजेंसी ने आरोप लगाया कि तायल समूह ने उत्पादन क्षमता और झूठी घोषणाओं, जाली स्टॉक विवरणों और अनधिकृत बिक्री के माध्यम से बैंकों को लुभाया।

अभिनेत्री प्रत्युषा बनर्जी आत्महत्या मामले में राहुल राज आरोप मुक्त

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री प्रत्युषा बनर्जी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पूर्व प्रेमी राहुल राज सिंह को आरोप मुक्त कर दिया। अदालत के इस फैसले से मुकदमे की सुनवाई शुरू होने से पहले ही राहुल को राहत मिल गई। 'बालिका वधू' में मुख्य भूमिका निभाने वाली बनर्जी ने एक अप्रैल, 2016 को मुंबई के उपनगरीय गोरेगांव स्थित अपने किराए के फ्लैट में आत्महत्या कर ली थी।

नंदीग्राम उपचुनाव का कांग्रेस प्रत्याशी रिहा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर छह अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को बुधवार को जेल से रिहा कर दिया गया। प्रधान ने जेल से बाहर आने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने से पहले नामांकन वापस लेने के लिए दबाव डाला था।

सीईसी, ईसी नियुक्तिः विभाजित निर्णय को वापस लेने के लिए क्यूरेटिव याचिका दायर

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



पुनर्विचार याचिका खारिज होने के बाद अंतिम संवैधानिक उपाय

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल से जुड़े कानून की वैधता पर 23 सितंबर को आए उच्चतम न्यायालय के विभाजित निर्णय को वापस लेने के लिए शीर्ष अदालत में एक 'क्यूरेटिव' याचिका दायर की गई है।

न्यायालय ने 23 सितंबर को एक अहम घटनाक्रम में, इस बारे में विभाजित राय दी थी कि क्या सीईसी और निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने वाली समिति से सीजेआई को बाहर रखने वाले 2023 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को एक बड़ी संविधान पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। 'क्यूरेटिव' याचिका, उच्चतम न्यायालय द्वारा पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद अंतिम संवैधानिक उपाय है। जया ठाकुर ने यह याचिका मीडिया में आई उन खबरों के बाद दायर की, जिनमें कहा गया है कि न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा के पुत्र, जो विभाजित फैसला सुनाने वाली पीठ का हिस्सा थे, मप्र उच्च न्यायालय में निर्वाचन आयोग के वकील हैं। वकील वरुण ठाकुर के मार्फत दायर याचिका में "पक्षपात और औचित्य को लेकर उचित आशंका" का आधार बताया गया है। इसमें कहा गया है कि विभाजित फैसला सुनाए जाने के बाद याचिकाकर्ता को पता चला कि न्यायमूर्ति शर्मा के पुत्र निर्वाचन आयोग की विधिक समिति में हैं। याचिका में कहा गया है, "याचिकाकर्ता का मानना है कि निर्वाचन आयोग की ओर से सिद्धार्थ शर्मा के पेशेवर कर्तव्य और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा द्वारा निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाले मामले की सुनवाई के बीच हितों का सीधा टकराव है... क्योंकि न्याय न केवल होना चाहिए।

नौकरी के बदले जमीन केस

कोर्ट लालू के खिलाफ नए सिरे से दलीलें सुनेगी

नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लेने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजद नेता लालू प्रसाद यादव और अन्य के



खिलाफ आरोपों पर नए सिरे से दलीलें सुनेगी। स्पेशल जज प्रशांत कुमार ने बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने आरोप के बिंदु पर नई दलीलें पेश करने के लिए कुछ समय मांगा है। मामले को आगे सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। इससे पहले, स्पेशल जज विशाल गोगने ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

पुलिस, सीआईडी कठपुतली न बनें, कानून से ऊपर कोई भी नहीं : उच्च न्यायालय

भाषा ▶▶ जोधपुर



निर्दलीय विधायक और परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी रद्द

राजस्थान उच्च न्यायालय ने निर्दलीय विधायक गणेश राज बंसल और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकी को रद्द करते हुए कहा है कि पुलिस और सीआईडी (अपराध शाखा) से उम्मीद की जाती है कि वे कानून के मुताबिक सख्ती से काम करें और किसी की कठपुतली न बनें। भूमि पट्टे के 23 साल पुराने मामले में बंसल और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ सितंबर में दो प्राथमिकी दर्ज की गई थी। न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन ने याचिकाओं को स्वीकार करते हुए हनुमानगढ़ के निर्दलीय विधायक गणेश राज बंसल, उनकी पत्नी संतोष बंसल और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी संख्या 624/2026 और 625/2026, और उनसे जुड़ी आगे की सभी कार्रवाई को रद्द कर दिया। मंगलवार देर रात जारी विस्तृत आदेश में कहा गया, ''पुलिस या सीआईडी (अपराध शाखा) से कानून के अनुसार सख्ती से काम करने की उम्मीद की जाती है और वे कानून के खिलाफ निर्देश देने वाले किसी व्यक्ति की कठपुतली नहीं हैं।

यह है मामला

यह मामला हनुमानगढ़ नगर परिषद और जमीन व पट्टा से जुड़े कथित अनियमितताओं से संबंधित है। हालांकि, कथित घटनाएं 2003 की हैं, लेकिन दो प्राथमिकी 17 और 18 सितंबर 2026 को दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज करने में हुई देरी और उससे जुड़ी परिस्थितियों को अहम माना। अदालत ने कहा कि इतने लंबे समय के बाद शुरू की गई कार्रवाई कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467, 468 और 471 (फर्जीवाड़े से संबंधित) और 120-बी (साजिश) के तहत आरोप हैं। मामले की जांच अपराध अन्वेषण विभाग (अपराध शाखा) को सौंपी गई थी।

बिहार में गंडक पर बना बांध टूटा यूपी में भी कई नदियां उफान पर

नेपाल में भारी बारिश के बाद बिहार में आई मुसीबत

एजेंसी ▶▶ पटना/लखनऊ



बिहार का हाल

नेपाल में भारी बारिश के बाद गंडक समेत उत्तर बिहार की नदियां उफान पर हैं। 6 जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इससे 1.59 लाख लोग प्रभावित हैं। बगहा-बेतिया में 4 जगह तटबंध टूटने के बाद बुधवार सुबह सारण में भी बांध टूट गया। निचले इलाकों में तेजी से पानी भर रहा है। राज्य के 17 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। यूपी से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ समेत पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों से मानसून लौट चुका है। प्रदेश में बारिश कम हो गई है। पड़ोसी राज्यों में हो रही बारिश से घाघरा, सरयू समेत 8 से ज्यादा नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को लखीमपुर में मंदिर 2 सेकंड में शारदा नदी में समा गया।

आंध्र प्रदेश में सुबह छाया कोहरा

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के पडेरू में बारिश के बाद कई इलाकों में घना कोहरा दिखा। तापमान में भी गिरावट आई है। सुबह के समय लोग हेडलाइट जलाकर गाड़ी चलाते देखे गए। मध्य प्रदेश से इसी हफ्ते मानसून की विदाई शुरू होगी। सबसे पहले उज्जैन और ग्वालियर संभाग के जिलों से लौटेगा। फिर इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम, सागर से वापसी होगी। इससे पहले 3 दिन बूंदाबांदी का दौर चलेगा। बुधवार को 19 जिलों में इसका अलर्ट है।

बाराबंकी में डूबा मंदिर



देशभर में 25 साल में चौथी बार सबसे कम हुई बारिश

नई दिल्ली(हरिभूमि न्यूज)। देश में इस मानसून सीजन (जून-सितंबर) में दीर्घ अवधि औसत (एलपीए) की 87.4 प्रतिशत बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून सीजन में सामान्य बारिश 868.6 मिमी होती है, जबकि इस साल देश में 759.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि इस मानसून सीजन के दौरान देश में हुई बारिश वर्ष 2001 के बाद से चौथी सबसे कम है। एलपीए (दीर्घ अवधि औसत) किसी क्षेत्र में किसी महीने या मौसम के दौरान होने वाली बारिश का 30 से 50 वर्षों के लंबे समय के आंकड़ों के आधार पर निकाला गया औसत होता है। वर्तमान में देश में एक जून से 30 सितंबर के बीच हुई बारिश में करीब 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

14 सालों में सबसे कम

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि मानसून दो जुलाई को दिल्ली पहुंचने के बाद 83 दिन रहने के पश्चात 23 सितंबर को वापस लौट गया। यह 14 साल में दिल्ली में मानसून का सबसे कम अवधि का ठहराव रहा। पिछले कुछ दिनों में हुई छिटपुट बारिश से तापमान में कमी आई, लेकिन महीने के अधिकतर समय तापमान सामान्य से काफी अधिक रहा, जिससे रातें असामान्य रूप से गर्म रहीं। इस बीच, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने इस साल राजधानी से अपेक्षाकृत जल्दी विदाई ले ली।

जालंधर में गृहमंत्री शाह का आप पर हमला

दिल्ली शराब घोटाले वाले नशामुक्ति नहीं कर सकते



एजेंसी ▶▶ जालंधर

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर में कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब को चिट्टे (नशे) में धकेल दिया है। 2027 का चुनाव भाजपा नशामुक्त पंजाब के नाम पर लड़ेगी। मैं पंजाब के युवाओं को वादा करके जाता हूं कि भाजपा को वोट करें। हम 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे। उन्होंने रैली में कहा कि भगवंत मान ने नशे के व्यापार को और बढ़ाया है। नशे में गुरु का अपमान करने वाला नशामुक्ति नहीं कर सकता। जो दिल्ली में शराब बेचने के घोटाले में पकड़े गए हों, वे पंजाब को नशामुक्त कैसे करेंगे? शाह की रैली से पहले बम की धमकी भी मिली थी। कैंब्रिज स्कूल को भेजे ई-मेल में दावा किया गया कि रैली के स्टेज के नीचे आईईडी रखा गया है। हालांकि जांच में कुछ नहीं मिला।

आप ने पंजाब को चिट्टे में धकेला

आजादी से पहले का समय हो या बाद का, जब भी देश की सुरक्षा की बात आती है, पंजाब का जवान सबसे पहले अपनी जान देने के लिए तैयार रहता है। आज भी जब सेना में जो बोले सो निहाल... का नारा लगता है, तो पाकिस्तानी सेना उल्टे पांव भाग जाती है। देश में जब भी खाने-पीने की किल्लत या जरूरत पड़ी, पंजाब के किसानों ने कड़ी मेहनत कर हमेशा देश के अन्न भंडार को भरने का काम किया है। पंजाब सरकार ने किसानों को 26 फसलों पर एमएसपी देने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार उसे पूरा करने में विफल रही। इसके विपरीत, पड़ोसी राज्य हरियाणा ने अपने किसानों को फसलों पर एमएसपी दे दी है। सरकार बनी तो किसानों के मुद्दे का परमानेंट हल करेंगे।

मुंबई का मामला, करीब 50 लाख खर्च किए

बेटी ने लगाव के चलते पिता का शव चार साल फ्रीजर में रखा



परिवार शव को अमेरिका भेजने पर विचार कर रहा

अधिकारी ने बताया कि परिवार ने शुरुआत में शव को मलाड स्थित घर के फ्रीजर में रखा था। बाद में डिस्पेंसरी में रखवा दिया। डिस्पेंसरी एक माह पहले बंद हो गई। परिवार शव अमेरिका की किसी फेसिलिटी में भेज कर वहां सुरक्षित रखने पर विचार कर रहा है।

मुंबई। मुंबई के मलाड ईस्ट में एक महिला ने अपने 80 वर्षीय पिता की मौत के बाद करीब 4 साल तक उनका शव फ्रीजर में सुरक्षित रखा। पुलिस के मुताबिक, महिला पिता से भावनात्मक रूप से जुड़ी थी, इसलिए उनका अंतिम संस्कार नहीं किया। शव को सुरक्षित रखने में परिवार ने 50 लाख से ज्यादा खर्च किए। जून 2022 में मौत के बाद शव को मलाड के एक डे-केयर सेंटर में रखवाया गया था, जो करीब एक महीने पहले बंद हो गया।

अकाली नेता मजीठिया को एसआईटी का समन

चंडीगढ़। अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 6 हजार करोड़ के ड्रग्स मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने समन जारी किया है। उन्हें 5 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा गया है। वहीं बर्खास्त पंजाब पुलिस डीएसपी जगदीश सिंह भोला को भी एसआईटी ने उसी दिन पेश होने के लिए समन जारी किया है। दोनों से आमने-सामने पूछताछ किए जाने की संभावना है। भोला का नाम भी ड्रग रैकेट की जांच से जुड़ा रहा है। नए समन पर प्रतिक्रिया देते हुए शिअद के मुख्य प्रवक्ता अरशदीप सिंह कलेर ने पंजाब सरकार पर विधानसभा चुनाव से पहले उनके शब्दों में समन पॉलिटिक्स करने का आरोप लगाया।

भोपाल में रिटायर्ड आईएएस की गला रेतकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



घर उड़ाने की थी साजिश, सीसीटीवी फुटेज में भागता दिखा केयरटेकर

भोपाल में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल की बुधवार सुबह सूरजनगर स्थित घर में हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे में जमीन पर मिला। गले पर धारदार हथियार के निशान हैं। घर में अलमारी के लॉक टूटे मिले। किचन में एलपीजी सिलेंडर का पाइप निकला था, जिससे पूरे घर में गैस भर गई थी। आग लगाने की साजिश थी। शुरुआती जांच में पुलिस का शक 27 सितंबर को काम पर रखे गए केयरटेकर वरुण कुमार पर है, जो वारदात के बाद से लापता है। वरुण की आखिरी लोकेशन कुरवाई-बीना रोड मिली है। वरुण सीसीटीवी फुटेज में घर से जाते दिख रहा है। राकेश अग्रवाल के इकलौते बेटे अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में जॉब करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर उनके गुरुवार रात तक भोपाल पहुंच सकते हैं। बेटे के भोपाल पहुंचने के बाद शुक्रवार को भदभदा विश्रामघाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

नथवानी व रामगोपाल ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

- पिता एनडीए से राज्यसभा सांसद के बेटे हैं धनराज



नई दिल्ली/लखनऊ। समाजवादी पार्टी के दो राज्यसभा प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया। सपा ने धनराज नथवानी और रामगोपाल यादव को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया है। धनराज, झारखंड में भाजपा से राज्यसभा सांसद परिमल नथवानी के बेटे हैं। वे रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड के निदेशक भी हैं। नथवानी परिवार अंबानी परिवार और पीएम मोदी और अमित शाह का करीबी माना जाता है। यूपी की 10 राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए सपा ने प्रो. रामगोपाल यादव के साथ धनराज परिमल नथवानी को प्रत्याशी घोषित कर चौंका दिया है। रामगोपाल यादव पार्टी की वैचारिक और संगठनात्मक निरंतरता का चेहरा हैं, जबकि धनराज नथवानी की पहचान राजनीति के पारंपरिक दायरे से बाहर कारोबारी, खेल और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े युवा चेहरे की है। वह, उद्योगपति और राज्यसभा सदस्य परिमल नथवानी के पुत्र हैं।

19 विपक्षी दल 6 को चुनाव आयोग घेरेंगे

इंडिया ब्लॉक की बैठक में 19 पार्टियां शामिल हुईं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस समेत 19 विपक्षी पार्टियां 2 से 8 अक्टूबर तक देशभर में मार्च निकालेंगी। 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग का घेराव किया जाएगा। यह फैसला बुधवार को दिल्ली में इंडिया ब्लॉक बैठक में लिया गया। यह बैठक करीब 3 घंटे तक चली। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में प्रस्ताव लाया जाए। वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों को सार्वजनिक किया जाए। नाम हटाने से पहले वोटर को नोटिस और अपील का मौका मिले। देश में चुनाव इवीएम की जगह बैलेट पेपर से कराए जाएं।

राहुल गांधी बोले- हम एक गठबंधन

बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा अमित शाह, पीएम मोदी और ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। हम एक गठबंधन हैं और देश में बड़ा बदलाव लाएंगे। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने वोट चोरी करके बंगाल में लूट की, एमपी, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़ में जीते। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चोर-डाकू हैं।

सार्वजनिक सूचना

खेल विभाग, हरियाणा

ताऊ देवी लाल खेल परिसर, सेक्टर-3, पंचकूला, हरियाणा-134109
संपर्क नं. : 0172-2992868, ई-मेल आईडी : sportshry@gmail.com

जीईएम बोली आमंत्रण सूचना

खेल विभाग, हरियाणा पात्र एवं प्रतिष्ठित निर्माताओं, अधिकृत डीलरों/आपूर्तिकताओं से निम्नलिखित खेलों के लिए खेल उपकरणों की अधिप्राप्ति और आपूर्ति हेतु जीईएम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित करता है :

क्र. सं.	खेल संकाय का नाम	बोली सं.	प्रकाशन की तिथि	बंद होने की तिथि
1	हॉकी	GEM/2026/B/8050253	18.09.2026	12.10.2026 (1600 बजे)
2	तैराकी	GEM/2026/B/8054614	28.09.2026	17.10.2026 (1600 बजे)
3	ताइक्वांडो	GEM/2026/B/8053540	28.09.2026	16.10.2026 (1600 बजे)
4	साइक्लिंग	GEM/2026/B/8053125	29.09.2026	15.10.2026 (1300 बजे)
5	फेंसिंग	GEM/2026/B/8061736	29.09.2026	21.10.2026 (1300 बजे)
6	भारोत्तोलन	GEM/2026/B/8054794	29.09.2026	17.10.2026 (1700 बजे)
7	तीरंदाजी	GEM/2026/B/8096432	30.09.2026	26.10.2026 (1300 बजे)
8	एथलेटिक्स	GEM/2026/B/8099206	30.09.2026	31.10.2026 (1800 बजे)
9	बैडमिंटन	GEM/2026/B/8095560	30.09.2026	20.10.2026 (1200 बजे)
10	क्रिकेट	GEM/2026/B/8096139	30.09.2026	24.10.2026 (1300 बजे)
11	सामान्य खेल उपकरण	GEM/2026/B/8096750	30.09.2026	26.10.2026 (1400 बजे)
12	जिम्नास्टिक्स	GEM/2026/B/8094221	30.09.2026	28.10.2026 (1900 बजे)
13	लॉन टेनिस	GEM/2026/B/8097624	30.09.2026	29.10.2026 (1500 बजे)
14	वुशु	GEM/2026/B/8097842	30.09.2026	02.11.2026 (1600 बजे)

इच्छुक बोलीदाताओं को विस्तृत विशिष्टियों, पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तों, बोली दस्तावेजों तथा बोलियां जमा करवाने हेतु जीईएम पोर्टल पर पधारने का परामर्श दिया जाता है।

पीआरडीएच-1107/11/59/2027/49833/88/6 दि. 30.09.26

उत्तर रेलवे

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

क) **कुल ग्यारहः (14) स्टॉलः** बहादुरगढ़, दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, गन्नौर, गाजियाबाद, गुड़गांव, करनाल, कुरुक्षेत्र, मेरठ सिटी, पटौदी रोड, रोहतक, शामली, तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन।

ख) **कुल उनतालीस (39) ट्रॉली :** असावटी, बागपत रोड, बल्लभगढ़, बड़ौत, दिल्ली आजादपुर, दिल्ली किशनगंज, दिल्ली सफदरजंग, दिल्ली सराय रोहिल्ला, देवबंद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, गढ़ी हरसरू, जाखल, जिंद, जुलाना, खतौली, खेखड़ा, मंगोलपुरी, मनसा, मेरठ सिटी, मोदीनगर, मुरादनगर, नांगलोई, नरवाना, न्यू गाजियाबाद, नोली, ओखला, पालम, पलवल, परतापुर, साहिबाबाद, सकौती टांडा, सांपला, शकूरबस्ती, शिवाजी ब्रिज, टपरी, तिलक ब्रिज, टोहाना, विवेक विहार रेलवे स्टेशन।

ग) दिल्ली जंक्शन, कुरुक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव, मेरठ कैंट, पानीपत, नरेला, बादली रोहतक, जुलाना, सांपला रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाने की अवधि 90 दिन होगी।

घ) एनएसजी 1,2,3 स्टेशनों के लिए पंजीकरण शुल्क रु. की दर से लिया जाएगा। तीस दिनों के प्रत्येक चरण के लिए 2000 और एनएसजी 4,5,6 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शागली, टपरी, जिंद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजीब्रिज, तिलक ब्रिज, गनौर, बादली, सब्जी मंडी, नरेला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद न्यूटाउन बल्लभगढ़, पालम, मेरठ कैंट, दिल्ली सफदरजंग, परतापुर और सकौती टांडा रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण शुल्क रु. तीस दिनों के प्रत्येक मंत्र के लिए 1000 की दर से लिया जाएगा।

ड.) प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैः– विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य /केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

च) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

छ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

ज) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।

आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 07.10.2026, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।

सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।

एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।

इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

3402/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

कॉकपिट की सुरक्षा पर गंभीर सवाल

विमान की सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवार कॉकपिट का दरवाजा माना जाता है, लेकिन जब खतरा इसी दरवाजे के भीतर से पैदा होने लगे तो पूरी सुरक्षा व्यवस्था कठघरे में खड़ी हो जाती है। फ्लाईदुबई की दुबई-तेल अवीव उड़ान में पायलटों के बीच हिंसक घटना और विमान के अचानक हजारों फीट नीचे आने की प्रारंभिक खबरों ने विमानन सुरक्षा के एक बेहद गंभीर पहलू पर बहस छेड़ दी है। यह घटनाक्रम महज दो पायलटों का आपसी विवाद मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक कॉकपिट में हिंसक टकराव हुआ, एक पायलट घायल हुआ और विमान तेजी से नीचे आया। विमान से पहले 7700 और फिर 7500 जैसे आपात संकेत प्रसारित हुए। इसके बाद विमान का मार्ग बदला गया और उसे सऊदी अरब के तबूक में उतारा गया। विमान में करीब 180 यात्री सवार बताए गए थे। वे सुरक्षित उतर गए, लेकिन घटना एक बुनियादी सवाल छोड़ गई। अगर विमान की कमान संभालने वाले पायलट ही हिंसा पर उतर आएं तो सैकड़ों यात्रियों की सुरक्षा किसके भरोसे होगी? ऐसे में कॉकपिट तक पहुंच रखने वाले लोगों के मामले में सुरक्षा मानकों की गंभीरता और बढ़नी चाहिए। पायलट की तकनीकी दक्षता जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी उसका जिम्मेदार और संतुलित व्यवहार भी है। इसलिए पायलटों की पृष्ठभूमि जांच को केवल नियुक्ति के समय की औपचारिकता नहीं बनाया जा सकता। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और नशे की जांच के साथ मानसिक एवं व्यवहारिक स्वास्थ्य की समय-समय पर समीक्षा भी सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा होनी चाहिए। काउंसलिंग की ऐसी व्यवस्था हो, जिसमें पायलट तनाव या व्यक्तिगत संकट की स्थिति में बिना किसी भय के मदद मांग सके। मानसिक स्वास्थ्य को संदेह का आधार बनाना गलत होगा, लेकिन गंभीर जोखिम के संकेतों को नजरअंदाज करना भी खतरनाक है। सवाल यह है कि मौजूदा व्यवस्था ऐसे संकेतों को कितनी जल्दी पहचान पाती है। घटना ने कॉकपिट सुरक्षा प्रोटोकॉल पर भी सवाल खड़े किए हैं। यदि दो पायलटों के बीच विवाद अचानक हिंसा में बदल जाए तो केबिन क्रू कितनी जल्दी हस्तक्षेप कर सकता है? विमान का नियंत्रण सुरक्षित रखने की वैकल्पिक व्यवस्था क्या है? एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना देने और सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय करने की प्रक्रिया कितनी तेज है? इन सवालों के जवाब केवल नियम पुस्तिका में दर्ज होना पर्याप्त नहीं हैं। उनका नियमित अभ्यास और सिमुलेशन भी जरूरी है। 7500 कोड संभावित गैरकानूनी हस्तक्षेप या हाइजैकिंग का संकेत होता है। इसलिए आपात संचार प्रणाली की विश्वसनीयता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता की समीक्षा भी जरूरी है। विमानन सुरक्षा में बाहरी खतरों हाइजैकिंग, आतंकवादी हमले या घुसपैठ पर लंबे समय से ध्यान दिया जाता रहा है। अब अंदरूनी खतरे को भी उतनी ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। घटना की जांच से यह स्पष्ट होगा कि कॉकपिट में हिंसा की शुरुआत कैसे हुई और विमान के तेजी से नीचे आने की वजह क्या थी। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करना भी उचित नहीं। इसलिए पायलटों की चयन प्रक्रिया, पृष्ठभूमि जांच, नशे की जांच, काउंसलिंग और कॉकपिट में हिंसा की स्थिति से निपटने के प्रोटोकॉल हर कड़ी को मजबूत करना होगा। कॉकपिट में अनुशासन के लिए जीरो टॉलरेंस जरूरी है। क्योंकि कॉकपिट का दरवाजा यात्रियों को खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है, खतरे का दरवाजा बनने के लिए नहीं।



मुद्दा
ज्ञानेन्द्र रावत

खत्म नहीं हो रहा वायु प्रदूषण का संकट

दुनिया में बढ़ती गर्मी और जंगलों में लग रही विनाशकारी आग की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से दुनिया की हवा जहरीली हो रही है। डब्ल्यूएमओ के वैज्ञानिक लोरेंगो लैब्रेडोर का कहना है कि जंगलों में लगी आग का जहरीला धुंआ दुनियाभर के शहरों की हवा को तेजी से बुरी तरह प्रदूषित कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है कि वायु प्रदूषण का संकट वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और लोगों की सेहत सुधारने के अंतराष्ट्रीय प्रयासों पर पानी फेर रहा है। जलवायु परिवर्तन के चलते डब्ल्यूएमओ के वायु गुणवत्ता मानकों को पाना अब मुश्किल होता जा रहा है। भारत भी उस मार से अछूता नहीं रहा है।

वायु प्रदूषण का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया में बढ़ती गर्मी और जंगलों में लग रही विनाशकारी आग की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से दुनिया की हवा जहरीली हो रही है। डब्ल्यूएमओ के वैज्ञानिक लोरेंगो लैब्रेडोर का कहना है कि जंगलों में लगी आग का जहरीला धुंआ दुनियाभर के शहरों की हवा को तेजी से बुरी तरह प्रदूषित कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है कि वायु प्रदूषण का संकट वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और लोगों की सेहत सुधारने के अंतराष्ट्रीय प्रयासों पर पानी फेर रहा है। जलवायु परिवर्तन के चलते डब्ल्यूएमओ के वायु गुणवत्ता मानकों को पाना अब मुश्किल होता जा रहा है। भारत भी उस मार से अछूता नहीं रहा है।

यहां पर भी पराली आदि जलाये जाने से पीएम 2.5 के स्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। वैसे यह एक आम मिथक सा बन गया है कि अक्सर भारत में, जबकि यह समस्या विश्व व्यापी है, खासकर उत्तर भारत में वायु प्रदूषण के लिए पराली को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है, जबकि वायु प्रदूषण में पराली का योगदान डीजल-पेट्रोल व कारखानों से निकलने वाले प्रदूषकों के मुकाबले काफी कम है जो वायु गुणवत्ता सम्बंधी समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाहते हैं। देखा जाए तो वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेवार 32 से 44 फीसदी प्रदूषक किन स्त्रोतों से आते हैं, उनकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, जिनसे वायु गुणवत्ता खराब होती है। इनसे निपटने का कोई प्रभावी उपाय भी अभी तक ईजाद नहीं हो सका है। जहां तक पराली का सवाल है, वायु प्रदूषण में उत्तर भारत के राज्यों खासकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पराली यानी फसलों के अवशेष जलाने का योगदान आमतौर पर 22 से 35 फीसदी तक रहता है। यह हवा की स्थिति और मौसम के आधार पर कभी-कभी बढ़ता-घटता रहता है। इस बारे में आईआईटी और टेरी के वैज्ञानिक अध्ययनों की मानें तो सर्दियों की शुरुआत में जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाई जाती है, तब उत्तर-पश्चिम हवाओं के कारण यह धुंआ एनसीआर की हवा में पीएम 2.5 का स्तर काफी बढ़ा देता है, लेकिन अभी तो सितम्बर का महीना भी खत्म नहीं हुआ है और मौसम के बदलाव और मानसून के कमजोर पड़ने के साथ ही पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से सटे कई राज्यों में पराली जलाये जाने का असर वायु गुणवत्ता पर साफ-साफ दिखाई देने लगा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के क्रीम्स यानी कंसोर्टियम फार रिसर्च आन एग्रो इकोसिस्टम मानीटरिंग एंड माडलिंग फ्राम स्पेस उपग्रह निगरानी की मानें तो आने वाले दिनों में पराली जलाने से निकलने वाला धुंआ हवा की दिशा और मौसम सम्बंधी परिस्थितिजन्य हालातों के चलते एनसीआर की हवा को और खराब हालात में पहुंचा देगी। देश में राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर हर बार सवाल उठते रहे हैं। यहां वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु बीते सालों में उठाये गये कई कदमों और कुछ नये प्रयोगों के बावजूद यहां की हवा नहीं सुधरी। हां, उन प्रयासों से प्रदूषण के स्तर में कुछ मात्रा में ही सही, कमी तो आई। आज भी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण रैंकिंग में दिल्ली 21वें नम्बर पर है। उसे 200 में से 172 अंक हासिल हुए हैं और अभी भी दिल्ली देश में



साफ हवा वाले शहरों की सूची में पहले दस स्थानों में भी शामिल नहीं है। जबकि एनसीआर में गाजियाबाद और फरीदाबाद भी दिल्ली से ऊपर 184 और 179.1 स्थान यानी 9वें और 14वें स्थान पर हैं। दिल्ली में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की रैंकिंग सबूत है कि हवा की गुणवत्ता की स्थिति उस स्तर तक नहीं पहुंची है जिसकी राजधानी दिल्ली को जरूरत है। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण हेतु उपलब्ध एनसीएपी यानी राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की राशि के इस्तेमाल की धीमी रफ्तार, खर्च का सीमित दायरा और व्यवस्था की प्राथमिकताएं जिम्मेवार हैं। यदि सीपीसीबी के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2016 में प्रदूषण कण पीएम 10 का औसत स्तर 245.22 पर था, जो साल 2026 में सुधर कर 177.48 आ गया।

मानकों के मुताबिक पीएम 10 का औसत स्तर 60 पर रहना चाहिए। इसमें सबसे बड़ी समस्या सरकार का प्रदूषण के स्त्रोत घटाने के स्थान पर प्रदूषण दिखने के बाद धूल दबाने और तत्काल नियंत्रण वाले उपायों पर ज्यादा निर्भर रहना है। यही वजह है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रमुख न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव को कहना पड़ा कि स्वच्छ हवा केवल पर्यावरण से जुड़ी आकांक्षा नहीं है, बल्कि यह ऐसा व्यावहारिक लक्ष्य है जिसे ठोस प्रयास और जमीन पर प्रभावी अमल से ही हासिल किया जा सकता है। अब इस बाबत दिल्ली सरकार की वायु प्रदूषण से निपटने हेतु उद्योग, निर्माण, सड़क से उठने वाली धूल, वाहनों के प्रदूषण, कचरे को जलाने से रोकने जैसे सात इलाकों पर फोकस करने, स्थानीय निवासियों व आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाने, हरियाणा सरकार की 14 जिलों के मुताबिक प्लान बनाने, हर जिले में नोडल अधिकारी की तैनाती, वहीं उत्तर प्रदेश की एनसीआर से सटे पांच थर्मल पावर सहित आठ जिलों में पराली जलाने से रोकने, सड़कों की मशीनों से सफाई व मरम्मत कराने, पुराने वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने, उद्योगों में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली लगाए जाने और वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाये जाने की योजना है।

अब देखना यह है कि इन योजनाओं पर अमल कब तक हो पाता है या इनका क्रियान्वयन भी पुराने ढर्रे पर ही होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है। अब तो उत्तरी भारत के मुकाबले साफ माने जाने वाले देश के दक्षिणी राज्यों के प्रमुख शहर चेन्नई और बंगलुरू में भी वायु गुणवत्ता बिगड़ने के संकेतों के पीछे मौसम को जिम्मेदार बताया जा रहा है। देश के दिल्ली, मुंबई, बंगलुरू, पटना, कोलकाता और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों के विश्लेषण से खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण को केवल उत्सर्जन की समस्या मानना अधूरा दृष्टिकोण है। उत्सर्जन और मौसम के बीच की परस्पर क्रिया ही वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्यायें एयरोसोल से जुड़ी होती हैं, जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं।

इसके अलावा स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायु प्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसका फौरी निदान के बजाय दीर्घकालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वृद्ध दिवस पर विशेष
ऋतुपर्ण दवे



बुजुर्ग समाज की शान अनुभव-ज्ञान के भण्डार

वृद्ध हमारे परिवार और समाज की गरिमा हैं, शान हैं। एक तरह से धरोहर हैं। समाज में वृद्धजनों की भूमिका केवल एक परिवार के बुजुर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज के नैतिक और सांस्कृतिक आधार भी हैं। उनका जीवन, अनुभव और ज्ञान समाज को सही दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण होता है। आज जब इस दौर में समाज में अलगाव और व्यस्तताएं बढ़ रही हैं, वृद्धजनों की देखभाल और सम्मान के प्रति समाज की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। समाज, परिवार और राष्ट्र के निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों के अमूल्य योगदान का सम्मान करना तथा उनके स्वास्थ्य, अधिकारों और गरिमापूर्ण जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया जाता है। इस नेक काम की शुरुआत पहली बार 1 अक्टूबर 1991 में हुई। हर वर्ष इसी दिन मनाने का निर्णय 14 दिसंबर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा लिया गया। हर साल 1 अक्टूबर को, हम अपने करीब के चिकित्सालयों में ऐसा कुछ देखते हैं जो वास्तव में कैलेण्डर में नहीं होता है। 70-80 वर्ष की आयु के मरीज जो अभी भी अकेले आते हैं, अपनी दवाइयों का समय खुद तय करते हैं और लक्षणों को कम करके आंकते हैं क्योंकि वे किसी को परेशान नहीं करना चाहते। यह दिन स्वस्थ वृद्धावस्था वास्तव में कैसी होती है, इस पर चर्चा करने का अवसर है, न कि केवल इसे सरसरी तौर पर रस्म अदायगी कर मनाने का। बुजुर्गों की देखभाल के बारे में हम बातें तो बहुत करते हैं लेकिन अमल में नहीं लाते। बस इसी कथनी और करनी की खाई पाटने के लिए अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की परिकल्पना की गई। निश्चित रूप से इस दिन को समारोहपूर्वक मनाने से समाज में काफी बदलाव आया है। लोग सजग हुए हैं, खासकर वो युवा जो कल वृद्ध होंगे, एक सकारात्मक सोच और अपना भविष्य देखने के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

यह एक अच्छा संकेत है। हर वर्ष एक नए थीम के साथ इस दिन को इसलिए भी मनाया जाता है ताकि बुजुर्गों की देखरेख को लेकर नए-नए विचार और सुधार को अंजाम दिया जा सके। इस वर्ष की थीम 'दी एज ऑफ लॉन्गेविटी, रीथिंकिंग सिस्टम्स फॉर लांगर लाइव्स' यानी 'दीर्घायु का युग, दीर्घायु के लिए प्रणालियों पर पुनर्विचार' है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अब दुनिया के आधे देशों में औसत आयु 75 वर्ष से अधिक हो गई है, जो 1950 की तुलना में 2030 तक 25 वर्ष अधिक होने का अनुमान है। एक अनुमान के अनुसार, वैश्विक स्तर पर वृद्धों की संख्या युवाओं से अधिक है और विकासशील देशों में यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसीलिए वृद्धों की देखरेख, उनके योगदान, ज्ञान, गरिमा और जरूरतों को स्वीकार करने और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी और उसमें नए-नए संशोधनों और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए इस दिन पूरे विश्व में गहन विचार-विमर्श होता है और नए कार्यक्रमों, सुधारों और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल किया जाता है। इसीलिए हर वर्ष एक नए थीम के साथ यह दिन मनाया जाता है। विश्व में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या वर्तमान में लगभग 1.25 अरब है, जो कुल वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2020 में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 1 अरब थी।

अब दुनिया में हर 9 में से 1 व्यक्ति की उम्र 60 साल या उससे अधिक है। 65 वर्ष से अधिक उम्र के आज दुनिया में लगभग 83 करोड़ लोग हैं। अनुमान है कि 2030 तक दुनिया में हर 6 में से 1 व्यक्ति 65 वर्ष या उससे अधिक आयु का होगा और तब इनकी संख्या लगभग 1.4 अरब होगी। 2050 तक का अनुमान है कि यह संख्या लगभग दोगुनी यानी 2.1 अरब हो जाएगी। जबकि 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या 2030 से 2050 के बीच तीन गुना बढ़कर 42.6 करोड़ हो जाने का अनुमान है। अभी चीन दुनिया में सबसे बड़ी बुजुर्ग जनसंख्या वाला देश है, जो लगभग 193.8 मिलियन है। जबकि भारत लगभग 97.7 मिलियन बुजुर्गों के साथ दूसरे स्थान पर है, वहीं संयुक्त राज्य अमेरिका 57.1 बुजुर्गों के साथ तीसरे क्रम पर है। इस बार बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ऑस्टियोआर्थराइटिस और जोड़ों का दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस, हृदवाहिनी रोग, संज्ञानात्मक गिरावट और मनोभ्रंश, दृष्टि और श्रवण हानि, अवसाद और सामाजिक अलगाव, स्वस्थ दीर्घायु को बढ़ावा देने में अस्पतालों की भूमिका पर आधारित थीम के साथ निश्चित रूप से वृद्धजनों की बेहतरी के लिए काफी कुछ होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।


जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछा- ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोला- आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी हैं, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

जीवित मां-बाप व सास ससुर की सेवा की है?

कहते हैं कि कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा? जिन लोगों ने अपने माता-पिता, सास-ससुर और पूर्वजों की उनके जीवित रहते हुए सेवा नहीं की हो, उन्हें लोक दिखावे के लिए उनका श्राद्ध भी नहीं करना चाहिए। इससे ऐसे लोगों के पूर्वजों की आत्मा को शायद ही शांति मिले। हमारे देश में पत्थर को पूजा जाता है। नदियों की पूजा की जाती है। अपने पूर्वजों को याद करने के लिए हमारे देश में श्राद्धों का आयोजन किया जाता है। हमारे देश की महान संस्कृति हमेशा ही संदेश देती है कि हमें अपने पूर्वजों का सम्मान करना चाहिए। पूर्वजों को सम्मान करने से एक तो नैतिकता का संचार होता है, दूसरा उनके चलाए रास्तों पर चलने से कोई भी इनसान कभी नाकामयाब नहीं होता। - वीरेंद्र कुमार, रोहतक

करंट अफेयर

अमेरिका में ईबी-5 ग्रीन कार्ड की फीस बढ़ेगी



अमेरिका ने देश में निवेश करने और आगे चलकर स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) हासिल करने की इच्छा रखने वाले प्रवासियों के लिए ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम की फीस में भारी बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम भारतीय उद्यमियों और उनके परिवारों के लिए ग्रीन कार्ड हासिल करने के भरोसेमंद रास्तों में से एक माना जाता है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने मंगलवार को एक अंतिम नियम जारी किया, जिसके तहत ईबी-5 वीजा के लिए आवेदन करने की फीस दोगुने से भी अधिक बढ़ जाएगी। यह नियम 30 नवंबर से प्रभावी होगा। अमेरिका का 'ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम' उन विदेशी निवेशकों और उनके निकटतम परिजनों को स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) प्राप्त करने का अवसर देता है, जो किसी अमेरिकी व्यावसायिक उद्यम में निर्धारित पूंजी निवेश करते हैं और अमेरिकी कामगारों के लिए कम से कम 10 पूर्णकालिक नौकरियां पैदा करते हैं। अकेले निवेश करने वाले आवेदकों के लिए फॉर्म आई-526 की फीस 3,675 डॉलर से बढ़कर 7,615 डॉलर हो जाएगी। स्वीकृत रीजनल सेंटर के माध्यम से निवेश करने वाले आवेदकों के लिए शुरुआती फॉर्म आई-526 फीस 3,675 डॉलर से बढ़कर 7,850 डॉलर हो जाएगी।

ऑफ बीट

एआई भाषाई असमानता को बढ़ावा दे सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर यह चिंता लगातार बढ़ रही है कि इससे सामाजिक और आर्थिक असमानता बढ़ सकती है। हालांकि, एआई भाषाई असमानता को भी बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि जनरेटिव एआई के पीछे काम करने वाले बड़े भाषा मॉडल में कुछ भाषाओं का प्रतिनिधित्व बहुत अधिक है, जबकि कई अल्पसंख्यक भाषाएं लगभग गायब हैं। जनरेटिव एआई बहुसंख्यक भाषाओं पर बेहतर काम करता है। इसके विपरीत, जिन भाषाओं की ऑनलाइन मौजूदगी बहुत कम है, उनके बारे में एआई मॉडल के पास पर्याप्त आंकड़े नहीं होते। इससे ऐसी भाषाओं में पूछे गए सवालों के गलत या अधूरे जवाब मिलने की संभावना बढ़ जाती है। पापुआ न्यू गिनी की हुला भाषा के करीब 10,000 भाषाभाषी हैं, जबकि तिमोर-लेस्ते में व्यापक रूप से बोली जाने वाली टेटुन भाषा के करीब 10 लाख से अधिक वक्ता हैं। दोनों भाषाओं का एआई मॉडल के प्रशिक्षण आंकड़ों में प्रतिनिधित्व बेहद कम है। शोधकर्ताओं ने पिछले एक वर्ष में एक अलग प्रवृत्ति भी देखी है। एआई स्थानीय समुदायों को अपनी जरूरत के मुताबिक डिजिटल उपकरण बनाने में सक्षम बना रहा है, जिससे वे अपनी भाषाओं और ज्ञान को संरक्षित कर सकते हैं।

ट्रेंड

जनगणना में भाग लें



जनगणना में भाग लेना हम सभी का राष्ट्रीय कर्तव्य है। इससे देश के भविष्य की सही तस्वीर बनाने में मदद मिलती है। मैं एक बार फिर अपने सभी देशवासियों से आग्रह करता हूँ कि वे इसके लिए ज़रूर समय निकालें।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मेडल जीतने पर बधाई



नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने एशियन गेम्स पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने तीन इवेंट्स में तीन मेडल अपने नाम किए।गुलवीर ने लगातार अच्छा प्रदर्शन और जबरदस्त जज्बा दिखाया है। एक और मेडल जीतने पर उन्हें बधाई!
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

वोटों की चोरी



भारतीय लोकतंत्र के सामने वोटों की चोरी एक बेहद गंभीर समस्या बन गई है। हमारे नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से उठा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से, चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और ईमानदार बनाने की दिशा में काम करने को तैयार नहीं है।
- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

छात्राओं की सुरक्षा



आज सभी छात्राएं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। और सरकार क्या कर रही है? वह सलाह दे रही है। शाम के बाद घर से बाहर न निकलें। अरे सरकार! अपना काम करो। सुरक्षा का इंतज़ाम करो।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंची महिला हॉकी टीम



कोरिया को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब सामना चीन से

एजेंसी ▶▶ काकामिगाहारा

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंच गई, जिसने बुधवार को दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर 8 साल बाद फाइनल में जगह बनाई।

भारत के लिए इशिका ने 44वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि चार मिनट बाद कप्तान सलीमा टेटे ने गोल दागा। एशियाई खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिर्फ एक बार दिल्ली में 1982 में स्वर्ण पदक जीता था जब पहली बार महिला हॉकी को इन खेलों में शामिल किया गया। पिछली बार भारत ने कांस्य जीता और 2018 में रजत पदक जीता था। भारत का सामना अब मौजूदा चैंपियन चीन से होगा।

ग्रुप चरण में अजेय रही भारतीय टीम

ग्रुप चरण में सारे मैच जीतकर अजेय रही भारतीय टीम को कोरिया के डिफेंडरों ने बांधे रखा और मैच में बारह पेनल्टी कॉर्नर में से सिर्फ एक पर गोल हो सका। भारत ने पहले दो क्वार्टर में आठ पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे ही मिनट में मिला लेकिन दीपिका की फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर सियोयिओन ली ने कुशलता से बचाया। दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर नवनीत कौर को कामयाबी नहीं मिली। कोरियाई गोलकीपर ने 13वें मिनट में फिर बचाव किया जब दूर से मिले पास पर रुतुजा पिसाल का डिफ्लैक्शन सफल नहीं रहा। दूसरे क्वार्टर में भारत को तीन और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में भी भारत ने लगातार हमले बोले जबकि कोरिया का डिफेंस मजबूत रहा।

आज सेमीफाइनल : पाकिस्तान से भिड़ेगा भारत



गत चैंपियन भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक को फिर जीवंत करेगा तो टीम की नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने पर भी टिकी होंगी।

एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम सीधे लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी और भारत इस मौके को गंवाना नहीं चाहेगा। दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

कुश्ती : सुनील ने लगातार जीता दूसरा कांस्य



सुनील कुमार दो एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारत के पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गए, जिन्होंने बुधवार को पुरुषों के 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि निशा दहिया प्रतियोगिता के पहले ही दिन हारकर बाहर हो गई। सुनील ने फिलीपीन के रॉबर्टस कालम जॉनस्टन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी का दाहिना हाथ बांधकर उन्हें पटखनी देते हुए 4-0 से बढत बना ली। रक्षात्मक खेल रहे जॉनस्टन को 'पार टेरे' पोजिशन से जमीन पर गिराते हुए सुनील ने स्कोरिंग मूव बनाते हुए पहले ही पीरियड में मुकाबला जीत लिया।



टेनिस : नागल ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

नागोया। टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने बुधवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जबकि दक्षिणेश्वर सुरेश तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। सातवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 249वें स्थान पर काबिज नागल ने उज्बेकिस्तान के सर्गेई फोमिन को सीधे सेट में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। नागल ने फोमिन के खिलाफ मुकाबले में शुरू से नियंत्रण बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत दर्ज की। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त चीन के यीबिंग वू से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर हैं। नागल और वू इससे पहले 2024 शंघाई मास्टर्स में एक बार आमने-सामने हुए थे, जहां भारतीय खिलाड़ी को चीनी खिलाड़ी के खिलाफ 3-6, 3-6 से हार मिली थी। दूसरी ओर दक्षिणेश्वर को तीसरे दौर में चीनी ताइपे के छठी वरीयता प्राप्त चुन शिन सेंग के हाथों 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

मुक्केबाजी : गोल्ड से एक जीत दूर लवलीना

निशियो। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की, लेकिन प्रिया घंघास और कपिल पोखरिया को सेमीफाइनल में हारने के कारण कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता लवलीना ने 75 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की मुक्केबाज नतालिया बोगदानोवा पर 3-2 के विभाजित फैसले से जीत हासिल की। बोगदानोवा 70 किलोग्राम में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इससे लवलीना लगातार दो बार एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं।



प्रिया और कपिल को कांस्य

प्रिया हालांकि महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन यांग चेंग्यू से हार गई और इस तरह से उन्हें कांस्य पदक मिला। एशियाई खेलों में पदार्पण कर रही 20 वर्षीय प्रिया को अपने कहीं अधिक अनुभवी चीनी प्रतिद्वंद्वी से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय मुक्केबाज कपिल भी पुरुषों के 90 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन तुराबेक खबीबुल्लाएव से 1-4 के समान अंतर से हार गए और उन्हें भी कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

मुकाबला काफी कठिन था : लवलीना

लवलीना ने कहा, 'यह शानदार अनुभव रहा। यह मेरे दूसरे एशियाई खेल हैं। पिछली बार मैंने रजत पदक जीता था। इसलिए इस बार मैं निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगी। देखते हैं फाइनल में क्या होता है।' उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि यह मुकाबला काफी कठिन था।



स्क्वाश : पुरुष और महिला टीम ने किए पदक पक्के

नागोया। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने बुधवार को क्रमशः कुवैत और सिंगापुर को हराकर एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपने लिए पदक पक्के किए। भारतीय महिला टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में हांगकांग से भिड़ेगी जबकि पुरुष टीम का सामना मलेशिया से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में कुवैत पर 2-0 से जीत हासिल की। वीर चोटरानी ने पहले एकल मुकाबले में बदर अलमोगरेबी के खिलाफ काफी पसीना बहाया लेकिन आखिर में वह 34 मिनट तक चले मैच में 12-10, 8-11, 11-0, 11-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।


गिल का रिकॉर्ड दोहरा शतक, रोहित का शतक भारत ने सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई

- गिल सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने
- गिल ने ईशान किशन के 126 गेंद में दोहरे शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा
- रोहित ने 101 रन की पारी में 10 चौके, 6 छक्के लगाए

पहाड़ सा स्कोर फिर भी 39 गेंद पहले जीते

भाषा ▶▶ गुवाहाटी

कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 223 रन) के रिकॉर्ड सबसे तेज दोहरे शतक और रोहित शर्मा (101 रन) के शतक से भारत ने बुधवार को यहां दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज पर आठ विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। दो पीढ़ियों के इन सुपरस्टार बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने 50 ओवर के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा सफल 'रन चेज' पूरा किया। वेस्टइंडीज ने शायद उम्मीद की होगी कि 405 रन का लक्ष्य भारतीय बल्लेबाजों के लिए बहुत मुश्किल साबित होगा, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। गिल ने अपनी ही टीम के साथी ईशान किशन के 126 गेंद में दोहरे शतक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 117 गेंद में 200 रन पूरे किए और वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ दिया। वहीं पूर्व कप्तान रोहित ने वनडे में अपना 35वां शतक पूरा किया। दोनों ने मिलकर सिर्फ 26.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 255 रन की साझेदारी कर दी और भारत ने 43.3 ओवर में दो विकेट पर 406 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस रात काफी रिकॉर्ड टूटे जिसमें भारत ने वनडे में अपना सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल। अब भारत से आगे सिर्फ दक्षिण अफ्रीका है जिसने 2006 में जोहानिसबर्ग में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 435 रन के लक्ष्य का सफल पीछा किया था। बारसापारा की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल रही जिस पर 811 रन बने जो एक मैच में सबसे ज्यादा कुल रन का रिकॉर्ड रहा। वेस्टइंडीज ने जॉन कैंपबेल (101 रन) , शाई होप (104 रन) और आमिर जांगू (114 रन) के शतकों की बदौलत 50 ओवर के प्रारूप में 400 रन से अधिक का पहला स्कोर खड़ा किया। लेकिन मेजबान टीम ने 2013 में जयपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक विकेट पर 362 रन के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य का पीछा करने के रिकॉर्ड को बेहतर कर दिया। हालांकि भारत के सामने शुरुआती चुनौती अपना पहला 400 से अधिक के लक्ष्य का सफल पीछा करना था। रोहित और गिल ने शानदार शॉट्स की झड़ी लगाकर इसे एक पायदान और ऊपर उठा दिया। इस दौरान रोहित ने 12,000 वनडे रन पूरे किए जिससे वह ऐसा करने वाले केवल सातवें क्रिकेटर तथा सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के बाद तीसरे भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने एक और वनडे शतक पूरा किया और अपने अंदाज से हटकर हल्की उछल-कूद के साथ जश्न मनाया। गिल ने इससे पहले केवल 62 गेंदों में अपना 11वां वनडे शतक पूरा किया, यह इस प्रारूप में उनका सबसे तेज शतक था। भारत 22वें ओवर तक बिना कोई विकेट गंवाए 200 रन तक पहुंच गया था। यह पहली बार था जब किसी वनडे में 350 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी सलामी जोड़ी ने ऐसा किया। पर यह साझेदारी 255 पर समाप्त हुई जब रोहित 75 गेंद पर 101 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कैंपबेल ने 65 गेंदों में शतक जड़कर लय तय की। कैंपबेल ने 68 गेंदों पर 101 रन की पारी के दौरान भारतीय आक्रमण की धुनाई की जिसमें नौ चौके और पांच छक्के जड़े थे। इसके बाद होप और जांगू ने बीच के और अंतिम ओवरों में दबदबा बनाते हुए करीब आठ रन प्रति ओवर की दर से स्कोर में इजाफा किया।



- रोहित ने वनडे में 35वां शतक जड़ा, गिल का 11वां सैकड़ा
- भारत ने वनडे में पहली बार 400+ का टारगेट चेज किया
- रोहित-गिल ने मिलकर 26.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 255 रन की साझेदारी की

वेस्टइंडीज-405/7 (50)

खिलाड़ी	रन
जॉन कैंपबेल का धीर बो बरार	101
कीसी कार्टी का धीर बो प्रसिद्ध	09
शाई होप का नबी बो कुलदीप	104
आमिर का गायकवाड़ बो जडेजा	114
रदरफोर्ड का जायसवाल बो बरार	00
रोस्टन चेस नाबाद	29
कीमो पॉल का कोहली बो कुलदीप	03
जोसेफ का रोहित बो जडेजा	08
शामार जोसेफ नाबाद	14
अतिरिक्त : 23 रन	

कुल : 50 ओवर में सात विकेट पर 405 रन
विकेट पतन : 1-37, 2-147, 3-329, 4-330, 5-348, 6-369, 7-385
गेंदबाजी : प्रसिद्ध 5-0-45-1, नबी 8.5-0-84-0, बरार 10-0-96-2, धीर 6.1-0-38-0, जडेजा 10-0-75-2, कुलदीप 10-0-65-2

भारत- 406/2 (43.3)

खिलाड़ी	रन
रोहित शर्मा पगबाधा बो सील्स	101
शुभमन गिल नाबाद	223
कोहली का रदरफोर्ड बो शमार	29
रुतुराज गायकवाड़ नाबाद	31
अतिरिक्त : 22	

कुल : 43.3 ओवर में दो विकेट पर 406 रन
विकेट पतन : 1-255, 2-320
गेंदबाजी : जेडन सील्स 8-0-78-1, अल्जारी जोसफ 8-0-89-0, शमार जोसफ 6-0-52-1, कीमो पॉल 3-0-49-0, रोस्टन चेज 8.3-0-63-0, विटेल लॉएस 10-0-73-0



ऑस्ट्रेलियाई टीम 176 रन पर ढेर इंडिया-ए विमेंस की पकड़ मजबूत

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

इंडिया-ए विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस के खिलाफ जारी अनाधिकारिक टेस्ट मुकाबले में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में जारी इस मुकाबले के दूसरे दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम के पास 322 रन की मजबूत बढ़त है। चार दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर



बल्लेबाजी के लिए उतरी इंडिया-ए विमेंस ने अपनी पहली पारी में 364 रन बनाए। शुभा सतीश और प्रिया पुनिया की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। शुभा 59 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जबकि प्रिया ने 46 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में सिर्फ 176 रन पर सिमट गई। कप्तान रेचल ट्रेनामन ने ताहलिया विल्सन के साथ पहले विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। ताहलिया 44 रन, जबकि विल्सन 35 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।

आज से ईरानी कप, आकाश पर नजर

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कमर में खिंचाव के कारण 7 महीने तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज आकाश दीप शेष भारत और रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू कश्मीर के बीच गुरुवार से शुरू होने वाले ईरानी कप मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।



आकाश दीप आखिरी बार फरवरी में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेले थे और अब उन्हें सात महीने के रिहैबिलिटेशन के बाद अपनी फिटनेस साबित करने के साथ-साथ गेंदबाजी की लय हासिल करने का मौका मिलेगा। इस मैच के दौरान कम से कम दो राष्ट्रीय चयनकर्ता उपस्थित रहेंगे और उनका ध्यान निश्चित तौर पर आकाश दीप के प्रदर्शन पर रहेगा, जो जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ के साथ न्यूजीलैंड जाने वाली टेस्ट टीम में पांचवां तेज गेंदबाज बनने की दौड़ में हैं।

शेष भारत की अगुवाई करेंगे पंत

खूबसूरत शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में होने वाले इस मैच में शेष भारत की अगुवाई ऋषभ पंत करेंगे जिसमें घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई खिलाड़ी शामिल हैं। जम्मू कश्मीर को हालांकि अपने मुख्य तेज गेंदबाज औकिब नबी की कमी खलेगी, जो अभी राष्ट्रीय टीम के साथ हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने लंबे समय बाद श्रीनगर में कोई महत्वपूर्ण मैच का आयोजन किया है।

कुलदीप के वनडे में 200 विकेट पूरे कुंबले और वॉर्न से निकले आगे

गुवाहाटी (एजेंसी)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में कुलदीप यादव ने वनडे में अपने 200 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने कीमो पॉल को विराट कोहली के हाथों कैच कराकर यह उपलब्धि हासिल की। कुलदीप ने सिर्फ 123 वनडे में 200 वनडे विकेट पूरे कर लिए हैं। वह वनडे में भारत के लिए सबसे कम मैच में 200 विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद शमी से पीछे हैं, जिन्होंने सिर्फ 104 वनडे मैच में ही अपने 200 विकेट पूरे कर लिए थे। कुलदीप ने इस मैच में अपने 200 विकेट पूरे करने के साथ ही अनिल कुंबले और शेन वॉर्न जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। वह सबसे कम गेंदों में 200 वनडे विकेट लेने के स्पिन गेंदबाजों में शकलैन मुश्ताक और राशिद खान के बाद तीसरे नंबर पर हैं।



शुभमन की बादशाहत बरकरार, चौथे नंबर पर रोहित शर्मा

कोहली को मिला इनाम, वनडे रैंकिंग में पहुंचे दूसरे नंबर पर

एजेंसी ▶▶ दुबई

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शतकीय पारी खेलने का इनाम विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है।

बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोहली ने एक पायदान की छलांग लगाई है और वह अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। कोहली से आगे वनडे रैंकिंग में अब सिर्फ शुभमन गिल हैं, जो पहले एकदिवसीय मुकाबले में शतकीय पारी खेलकर अपनी बादशाहत को बरकरार रखने में सफल रहे हैं। विराट के एक पायदान ऊपर चढ़ने से न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल को नुकसान पहुंचा है। वह बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में अब तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। हालांकि, रोहित शर्मा की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है और वह चौथे नंबर पर बने हुए हैं।



मेंडिस ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

श्रीलंका के बल्लेबाज कुशल मेंडिस वनडे क्रिकेट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे हैं।

उन्होंने तीन पायदान की छलांग लगाते हुए सातवां स्थान हासिल कर लिया है। मेंडिस को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 121 रनों की शानदार पारी का इनाम मिला है। हैरी ब्रूक टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल होने से महज एक पायदान दूर हैं। वह ताजा रैंकिंग में 11वें नंबर पर आ गए हैं। आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर 10वें नंबर पर बने हुए हैं।

बावुमा ने लगाई 10 पायदान की लंबी छलांग

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में शतकीय पारी खेलने वाले टेंबा बावुमा ने 10 पायदान ऊपर की छलांग लगाई हैं और वह अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें नंबर पर आ गए हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 19 पायदान की छलांग लगाई है और वह अब 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। डेविड मिलर 142 रनों की शानदार पारी खेलने के साथ ही 41वें नंबर पर आ गए हैं।

ट्विशा शर्मा डेथ केस

सीबीआई की जांच में दहेज प्रताड़ना के आरोप खारिज

जबलपुर। बहुचर्चित मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी उनकी सास और भोपाल की पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि दहेज की मांग और प्रताड़ना के आरोपों की पुष्टि के लिए जांच में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले। इसके चलते मामले में दहेज एक्ट की धाराएं हटा दी गई हैं। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ के समक्ष सीबीआई ने अपनी लिखित आपत्ति पेश की। जांच एजेंसी के अनुसार, गवाहों के बयान और बैंक



सास गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई, हाईकोर्ट ने आवेदन में संशोधन के दिए निर्देश

लेन-देन की जांच के बावजूद दहेज मांगने से जुड़े ऐसे साक्ष्य नहीं मिले, जिनके आधार पर संबंधित धाराएं जारी रखी जा सकें। सीबीआई की जानकारी के बाद कोर्ट ने गिरिबाला सिंह के अधिवक्ता को जमानत आवेदन में आवश्यक संशोधन कर दहेज प्रताड़ना से जुड़े संदर्भ हटाने के निर्देश दिए।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक परामर्श जारी कर देश के सभी नागरिकों को दी चेतावनी

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस की सेना में भर्ती होने का जानलेवा खतरा न उठाएं भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन युद्ध के बीच भारत ने एक बार फिर से अपने नागरिकों को रूस की सेना में भर्ती होने से बचने होने से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक परामर्श जारी कर ये स्पष्ट किया है कि विदेशों में रोजगार के लुभावने अवसर देने वाले एजेंटों, गैर-प्रमाणित लोगों के साथ बातचीत में अतिरिक्त सावधानी बरतें। भारत सरकार या मंत्रालय ऐसी किसी भी गतिविधि को संचालित करने के सख्त खिलाफ है और दोनों ही देश के सभी नागरिकों को यह आग्रह करते हैं कि वो ऐसे किसी भी झांसे में न फंसे। क्योंकि इससे आखिरकार संबंधित व्यक्ति के सामने जान पर जोखिम का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। मामले को लेकर मंत्रालय रूस के साथ संपर्क में बना हुआ है, जिससे उनकी सेना में फंसे हुए लोगों की जल्द से जल्द सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित की जा सकेगी।

भर्ती से मिलेगा अस्थायी लाभः मंत्रालय ने नौकरी से मिलने वाले फायदे को लेकर भी अपने परामर्श में पूरी तस्वीर साफ करते हुए कहा कि इससे होने वाला लाभ कहीं से भी स्थायी नहीं होगा। ऐसे में कोई भी फैसला करने से पहले सौ बार जरूर सोचें। कई गैर-सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा भी रूस की सेना के लिए युद्ध लड़ने के लिए विदेशी नागरिकों को भर्ती करने की प्रक्रिया जारी है।



रूस की सेना में मारे गए 51 भारतीय

गौरतलब है कि इस युद्ध की 2022 से हुई शुरुआत के बाद से लेकर अब तक रूस की सेना में तैनात रहे भारत के कुल 51 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि दो दर्जन से ज्यादा (24 से अधिक) भारतीय आज भी मास्को की सेना में रूस की तरफ से जंग लड़ रहे हैं। इन सभी की सुरक्षित वतन वापसी और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यह जानकारी बीते वक्त में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दी थी। उधर, रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने को लेकर भारत ने दोनों देशों के अलावा अन्य सभी संबंधित पक्षों से बातचीत और कूटनीति के रास्ते को अपनाने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई मौकों पर यह कह चुके हैं कि यह युग युद्ध का नहीं है और विवाद का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है। उसके लिए संवाद और कूटनीति के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

लोगों का अपनी इच्छा से जाना खतरनाक

मंत्रालय ने परामर्श में कहा कि हम बीते करीब दो साल से इस मामले पर आम भारतीयों को आगाह करने में लगे हुए हैं। इस दौरान हमारे सामने कई ऐसे मामले भी आए हैं। जिनमें लोग अपनी स्वयं की इच्छा के साथ रूस के सशस्त्र बलों में शामिल होने के मौके या प्रस्तावों की तलाश कर रहे हैं। क्योंकि इनके पीछे भर्ती के बाद मिलने वाला आर्थिक लाभ और उसके बाद किसी प्रकार का खतरा सामने आने पर नई दिल्ली की सरकार से संपर्क कर अपनी रिहाई सुनिश्चित कराने के विकल्प का मौजूद रहना है। वहीं, कुछ मामलों में रूसी सेना में नौकरी पाने के इच्छुक लोगों ने खुद अपने स्तर पर भारतीय अधिकारियों से संपर्क साधा है।

खबर संक्षेप

नीदरलैंड में 24 महीने के बच्चे को इच्छामृत्यु

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड में पहली बार 24 महीने के बच्चे को इच्छामृत्यु दी गई। साल 2024 में लागू हुए नियम के बाद यह पहला मामला है। स्वास्थ्य मंत्री सोफी हरमन्स ने बताया कि 2025 के अंत में गंभीर बीमारी से पीड़ित एक बच्चे की इच्छामृत्यु दी गई थी। बच्चे का जन्म 26 सप्ताह व तीन दिन की गर्भावस्था में हुआ था। समय पहले जन्म से उसे मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचा था।



'विशेष पीएमएलए' ने हेमंत पर आरोप तय किए

रांची। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने 8.86 एकड़ जमीन की कथित धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ आरोप तय किए। उनके वकील ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य की राजधानी के बरगाईं क्षेत्र में जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण और हस्तांतरण के संबंध में धनशोधन का मामला दर्ज किया है।



6 साल बाद फिर खुला गुंडिचा मंदिर

पुरी। ओडिशा के पुरी में प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के समीप स्थित गुंडिचा मंदिर 6 साल के अंतराल के बाद बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी की मौजूदगी में अनुष्ठान संपन्न होने के बाद सुबह 7.45 बजे द्वार खोले गए। कोविड से बंद था।

घर खरीदारों से धोखाधड़ी मामले में 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन-शोधन के मामले में गुरुग्राम की रियल एस्टेट कंपनी वाटिका समूह के दो प्रवर्तकों को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि वाटिका लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनिल भल्ला और प्रवर्तक गौतम भल्ला को 28 सितंबर को हिरासत में लिया गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और प्रमुख एआई कंपनियों के अधिकारियों के बीच बैठक

'व्हाइट हाउस अकॉर्ड' पर लगी मुहर एआई पर नैतिक लगाम लगाने पर राजी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दुनिया की बड़ी टेक और एआई कंपनियों के प्रमुखों के साथ बैठक की। ट्रंप ने इसे अमेरिका के टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए एक खास बैठक बताया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एआई के संभावित खतरों को देखते हुए इसकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और जवाबदेही तय करना था। इस मीटिंग में 'व्हाइट हाउस अकॉर्ड' पर मुहर लगाई गई, जिसके तहत कंपनियों ने एआई से साइबर हमलों, जैविक हथियार के खतरों और अनधिकृत हैकिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कड़े सुरक्षा घेरे बनाने और स्वतंत्र ऑडिटिंग की जिम्मेदारी खुद ली। एआई कंपनियों के अधिकारियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सुरक्षा के लिए स्वैच्छिक मानक तैयार करने पर सहमति जताई है। बैठक में एक्स से एलन मस्क, मेटा से मार्क जुकरबर्ग, एनवीडिया से जेन्सेन हुआंग, एंथ्रोपिक से डारियो अमोदेई, गूगल से सुंदर पिचाई और ओपनएआई के प्रेसिडेंट ग्रेग ब्रॉकमैन, अमेजन के जेफ बेजोस और पालांटिर के एलेक्स कार्प भी मौजूद थे। वहीं, मीटिंग की अध्यक्षता में डोनाल्ड ट्रंप के साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन भी शामिल थे।

कंपनियों ने स्वतंत्र ऑडिटिंग की जिम्मेदारी खुद ली

एआई से साइबर हमलों से निपटने सुरक्षा कड़ी होगी

10 सदस्यीय बोर्ड के गठन का प्रस्ताव



टेक दिग्गजों के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने एआई सुरक्षा की निगरानी के लिए 10 सदस्यों वाले एक बोर्ड के गठन पर विचार करने की बात भी कही। उन्होंने इस बोर्ड के संभावित सदस्यों के नाम नहीं बताए। साथ ही, उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ी व्हाइट हाउस की नीतियों का नेतृत्व करने के लिए जल्द एक नए अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉन्च किया पोर्टल

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एंड्रयू डब्ल्यू मेलन ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान अमेरिका डॉट जीओवी पोर्टल का आधिकारिक शुभारंभ किया। अमेरिकी सरकार के इस एआई संचालित ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को दर्जनों सरकारी वेबसाइटें खंगालने से बचाना और नौकरशाही की जटिलताओं को कम करना है। इस पोर्टल से आम नागरिक को सरकारी फॉर्म, लाभ, योजनाओं और पूछताछ से जुड़ी सभी जानकारियां एक ही जगह मिल सकेंगी। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी किए, जिसके तहत सभी सार्वजनिक सरकारी सेवाओं को इस पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य कर दिया गया है। यह प्लेटफॉर्म गूगल के जेमिनी और एक्सआई के ग्रोक का उपयोग करता है, जिसे व्हाइट हाउस नेशनल डिजाइन स्टूडियो के साथ मिलकर विकसित किया जा रहा है। उपयोगकर्ता सरकारी सेवाओं के लिए इन टूल की मदद ले सकते हैं। सामान्य भाषा में प्रश्नों के जवाब मिलने से संघीय सेवाओं को समझना आसान होगा।

डेटा सेंटरों का विस्तार होगा, प्रभावित समुदाय को कंपनियां देंगी लाभ

बैठक में डेटा सेंटरों का विस्तार भी प्रमुख मुद्दा रहा। एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और चलाने के लिए बड़े डेटा सेंटरों की जरूरत होती है। हालांकि, अमेरिका के कई समुदायों में बिजली की बढ़ती मांग, बिजली की लागत और स्थानीय स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर इन परियोजनाओं का विरोध भी हो रहा है। ट्रंप ने कहा कि तकनीकी कंपनियां डेटा सेंटरों के निर्माण से जुड़े समुदायों को लाभ पहुंचाने के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि बड़ी तकनीकी कंपनियां स्थानीय समुदायों में बड़े स्तर पर योगदान करेंगी। इससे पहले ट्रंप सोशल मीडिया पर कह चुके हैं कि समुदायों को डेटा सेंटर्स का विरोध तभी करना चाहिए जब वे पिछड़े और गरीब बने रहना चाहते हों।

एआई की जगह सुपर इंटेलिजेंस

अमेरिका में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को सुपर इंटेलिजेंस के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में एआई का नाम बदलने वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप और तकनीकी कंपनियों के प्रमुखों ने व्हाइट हाउस में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत वे उन्नत 'सुपर इंटेलिजेंस' प्रणालियों के विकास और तैनाती के दौरान सुरक्षा उपायों, स्वतंत्र ऑडिट और बोर्ड-स्तरीय निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हुए हैं।

एआई कंपनियां खुद संभालेंगी सुरक्षा की जिम्मेदारी

राष्ट्रपति ने ऐलान किया कि सभी एग्जीक्यूटिव्स ने एक नैतिक रूप से बाध्यकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जो एआई के खतरों से सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा। इस समझौते के तहत अब कंपनियां अपनी तकनीक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुद जिम्मेदार होंगी। सभी फर्म्स ने इस बात पर भी सहमति जताई कि वे मॉडल्स को सही तरीके से काम करने और किसी भी तकनीकी खामी को तुरंत पकड़ने व सुधारने के लिए सुरक्षा उपाय लागू करेंगी।

जयशंकर की गुटेरेस से मुलाकात

पश्चिम एशिया संघर्ष, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों पर मंथन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और ग्लोबल साउथ देशों पर इनके असर पर चर्चा की। विदेश मंत्री की महासचिव गुटेरेस से यह मुलाकात मंगलवार को यूएन मुख्यालय में हुई। दोनों नेता यूएन महासभा के हाई-लेवल कार्यक्रमों के समापन के समय मिले। जयशंकर ने कहा कि यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों और उनके असर को कम करने की जरूरत पर केंद्रित थी।



एस. जयशंकर और एंटोनियो गुटेरेस

संरा पर ईरान का तंज

नई दिल्ली। भारत में ईरानी दूतावास ने यूएन पर तंज कसते हुए एक्स पर एक मीम शेयर किया, जिसमें पहली तस्वीर मार्वल के सुपरहीरो डॉक्टर स्ट्रेंज की है, जिसमें उनके कई हाथ नजर आते हैं। इसके साथ लिखा गया है- 'यूएन अकॉर्डिंग टू स्कूल बुक्स', यानी स्कूली किताबों के अनुसार यूएन। दूसरी तस्वीर फिल्म 'शोले' के ठाकुर बलदेव सिंह की है। इस तस्वीर के साथ लिखा गया- 'यूएन एन रियलिटी' यानी वास्तविकता में यूएन।

कैबिनेट की ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-3 को मंजूरी, मजबूत होगा राज्यों का पावर ग्रिड




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-3 योजना को मंजूरी दे दी है। इस पहल का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम मजबूत होगा, जिससे 135 जीवी तक की नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी और ग्रिड में एकीकरण संभव होगा। ग्रिड में लचीलापन बढ़ाने के लिए 50 जीडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी लगाए जाएंगे। इन्हें रिनेबल एनर्जी डेवलपर या जनरेटर के स्तर पर अथवा ग्रिड के लिए अहम अन्य स्थानों पर स्थापित किया जा सकेगा। इससे नवीकरणीय ऊर्जा की अनियमित उपलब्धता, ग्रिड कंजेशन, पीक-आवर में बिजली कटौती और गैर-सौर घंटों में बिजली की समस्या हल होगी।

भारतीय तकनीक से अमेरिका को बड़ा झटका

कावेरी इंजन का रूस में परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी कावेरी ड्राई इंजन ने रूस में कठिन हाई-एल्टीट्यूड और फ्लाइट ट्रायल्स सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। यह इंजन 48.5 किलोन्यूटन थ्रस्ट पैदा करने में कामयाब रहा, जबकि उसका लक्ष्य 46 किलोन्यूटन था। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह इंजन भारत के आगामी डीआरडीओ घातक स्टील्थ ड्रोन का मुख्य पावर सोर्स बनेगा। इंजन गैस टरबाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (जीटीआरई) द्वारा विकसित किया गया है। अब इसे अंतिम एयरवर्थिनेस सर्टिफिकेशन के लिए सेमिलैक यानी सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थिनेस एंड सर्टिफिकेशन की मंजूरी का इंतजार है। मंजूरी मिलने



के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) इसका उत्पादन संभालेगा। कावेरी का ड्राई वर्जन यानी बिना आफ्टरबर्नर वाला संस्करण घातक (घातक) यूसीएवी के लिए भी उपयोगी है। यह मानवरहित लड़ाकू ड्रोन उच्च ऊंचाई और लंबे समय तक उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है।

पीएम मोदी ने ट्रंप से फोन पर की बात

व्यापार, रक्षा और ऊर्जा पर बातचीत लगातार संपर्क आगे बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली । पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत की जानकारी साझा की है। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच भारत-अमेरिका संबंधों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर उपयोगी बातचीत हुई। इस दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण तकनीकों समेत कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की समीक्षा की गई। बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत और अमेरिका के बीच लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी है, ताकि दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाया जा सके।



भारत में संयुक्त निवेश और सप्लाई चेन बनाने का न्योता

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका की यात्रा के दौरान नेशनल एसोसिएशन ऑफ मैन्युफैक्चरर्स (एनएएम) के बिजनेस राउंडटेबल को संबोधित किया। कार्यक्रम में अमेरिका भर के छोटी और बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पीयूष गोयल ने अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स को भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने तथा निर्माण संयुक्त निवेश कर मजबूत सप्लाई चेन बनाने के मौके तलाशने का आमंत्रण दिया।



आज से एलपीजी यूपीआई और रेलवे टिकट के नियम बदले

ग्राहकों से एमडीआर नहीं कटेगा,केवाईसी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अक्टूबर में एसबीआई की नई लिमिट, एलपीडी के लिए आधार ऑथेंटिकेशन, एनपीएस और यूपीआई नियमों में बदलाव अहम हैं। नया यूपीआई एमडीआर फ्रेमवर्क, जो 2000 रुपए से ऊपर के खास मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर लागू होगा। ग्राहकों से कोई एमडीआर नहीं कटेगा और व्यक्ति से-व्यक्ति यूपीआई ट्रांजैक्शन मुफ्त रहेंगे। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट फाइल करने की डेडलाइन बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दी गई है, जबकि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर कर दी गई है।

टैक्स ऑडिट रिपोर्ट की डेडलाइन 21 अक्टूबर की

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन 21 नवंबर की

एलपीजी के लिए बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन जरूरी

1 अक्टूबर से घरेलू एलपीजी ग्राहकों को सब्सिडी के साथ तय रिटेल सेलिंग प्राइस पर रिफिल बुक करने के लिए बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन पूरा करना होगा। जो पूरा नहीं करते, वे भी एलपीजी ले सकते हैं, लेकिन उन्हें बिना सब्सिडी के लागू मार्केट प्राइज पर एलपीजी मिलेगी।यह कंपनियों के नियमों के अधीन होगा।



दूसरे बैंकों के एटीएम पर मुफ्त मासिक ट्रांजैक्शन संख्या 5 होगी

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सैलरी पैकेज अकाउंट होल्डर्स के लिए दूसरे बैंकों के एटीएम पर मुफ्त मासिक ट्रांजैक्शन की संख्या 10 से घटाकर 5 कर देगा। इस लिमिट में फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल, दोनों तरह के ट्रांजैक्शन शामिल होंगे।बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट्स के लिए, महीने में 4 बार कैश निकालना मुफ्त रहेगा, फिर 15 रुपए और जीएसटी का चार्ज लगेगा।

रेलवे यात्रा के दौरान ओरिजिनल पहचान पत्र

सेंट्रल रेलवे 31 अक्टूबर तक एक खास 'टिकट चेकिंग अभियान' चलाने जा रहा है। इस अभियान का सबसे बड़ा नियम है 'वन टिकट, वन ओ रि जि न ल आईडी'। अब सफर के दौरान सिर्फ टिकट होना ही काफी नहीं है, बल्कि ओरिजिनल पहचान पत्र भी होना चाहिए।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28